अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित 3971.23 करोड़ रुपये की पूंजीगत लागत वाली 552 परियोजनाओं में से 219 परियोजनाएं चीनी और वस्त्र (ऊनी वस्त्र, पटसन और नारियल जटा) उद्योग की थीं और इनमें से अधिकांश ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित थीं। इन परियोजनाओं में से अधिकांश, बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने के अतिरिक्त ग्रामीण और अर्द्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित सड़कें, बेहतर सिंचाई सुविधाएं, स्कूल, अस्पताल, आदि सुविधाएं, जो उनके आगमन से पहले बिल्कुल नहीं थीं, प्रदान करने में सहायक रहे हैं। कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित अन्य वर्गों की इकाइयों ने भी लघु और अन्य सहायक इकाइयां स्थापित करने में प्रोत्साहन प्रदान किया है।

मंजूर की गई सहायता का राशि के अनुसार वर्गीकरण

इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "च" में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 30 जून, 1981 तक मंजूर की गई नियत वित्तीय सहायता को सहकारी और निगमित क्षेत्रों की औद्योगिक संस्थाओं को मंजूर की राशि के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। इससे स्पष्ट होगा कि पिछले वर्षों में परियोजनाओं की लागत में वृद्धि होने से निगम की सहायता की राशि में भी बढ़ोतरी होती जा रही है जिसके परिणामतः निगम से 1.00 करोड़ रुपये से अधिक सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं का प्रतिशत, 1970-71 में 55.4 से बढ़कर 1980-81 में 69.2 हो गया था।

गुणात्मक उपलब्धियां

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की मूल पूंजी इसका योग्य और प्रशिक्षित स्टाफ है जिसको इसने उचित मात्रा में बना लिया है। निगम ने अपने कारोबार उपकरणों जैसे मूल्यांकन और अनुवर्ती कार्यवाही की आधुनिकतम तकनीकों को लागू करना, को विकसित करने में भी सफल रहा है। इसके प्रारम्भिक वर्षों में, निगम द्वारा दी गई सहायता "अन्य बातों के साथ-साथ अन्तर सीमा और प्रतिभूति पर आधारित थी। इस समय, उद्यम की लाभप्रदता और उत्पादकता, इसकी समग्र व्यावहार्यता और बैंकग्राह्य प्रकृति, देश की आर्थिक नीतियों का सम्भावित योगदान तथा सरकारी नीतियों के उद्देश्यों, आदि को पूरा करने के लिए, विस्तृत तथ्य इसके कारोबार का संचालन करते हैं। अब यह निगम की एक प्रथा बन गई है कि यह न केवल वित्तीय उपलब्धि के लिए उपाय करता अपितु अपने निवेशों से और अधिक मूल आर्थिक उपलब्धि के लिए भी उपाय करता है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपने अनुवर्ती उपायों में उद्यमियों और प्रवर्तकों में, किसी औद्योगिक उद्यम की सफलता के लिए अनिवार्य वित्तीय एवं प्रबन्धकीय व्यवस्था के सम्बन्ध में बेहतर जानकारी देने में सफल रहा है। बड़ी संख्या में प्रवर्तक और प्रबन्धक भी अब उन विभिन्न कार्यों से, जो उन्हें परियोजना की कार्यान्वयन और परिचालन अवस्थाओं के दौरान निगम करने के लिए कहता है, प्राप्त होने वाले लाभों की प्रशंसा करते हैं।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम जैसे विकास बैंक को अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए और अपनी परिसम्पत्तियों और देयताओं की राशि बढ़ाने के लिए तीव्र गति तथा नवीन प्रक्रियाओं की आवश्यकता है। मूलतः यही निगम का निगमित उद्देश्य रहा है। हालांकि इसने पिछले कुछ वर्षों में अपने कारोबार को बढ़ा लिया है, इसने अपने परिचालनों को लगातार लाभप्रद बनाकर प्रतिवर्ष इसे बल भी प्राप्त हुआ है। तेंतीस वर्षों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने केवल कर के माध्यम से 47 करोड़ रुपये—इसकी विद्यमान प्रदत्त पूंजी के ढाई गुणा से अधिक—राष्ट्रीय कोष में अंशदान किए है। इसने कर लगने के बाद लाभों में से आरक्षित निधियां बना ली हैं जो इसकी प्रदत्त पूंजी के दुगुने से अधिक हैं।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अपनी प्रवर्तन भूमिका में भी विकास नीति के सामाजिक—आर्थिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयास किए हैं और ऐसी योजनाएं बनाई हैं तथा ऐसी एजेंसियां, स्थापित की हैं। इनमें से कुछ ऐसी हैं जो देश में पहली बार बनी। उद्योगों के प्रवर्तन के लिए संस्थानगत अवस्थापना सुविधाओं और उद्यमीय आधार को विस्तृत करने में कुछ अन्तरालों को दूर करके लघु और सहायक उद्योगों के क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रबलता प्राप्त हुई है।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लिए और अधिक महत्वपूर्ण है वित्तपोषित खातों की देखभाल का कार्य और इसकी नई उभरती भूमिका है जिसे अब "अनुरक्षण दायित्व" कहा जाता है। निगम पनपती हुई नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए इसके अनुरक्षण दायित्व के रूप मे अनुभव करता है कि इसे अभी बहुत लम्बी दूरी तय करनी है। वित्त अतिव्यय, प्रबन्ध कुव्यवस्था, उद्योग में रुग्णता, आदि समस्याएं ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना देश के विकास बैंकों को अत्यधिक मात्रा मे करना पड़ रहा है। निगम को आशा है कि केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के सहयोग, राजकोषीय तथा वित्तीय उपाय एवं वर्तमान साझी पहुंच तथा संयुक्त वित्तपोषण की सहायता से यह अपने नए दायित्वों को प्रभावशाली ढंग से पूरा करने में समर्थ रहेगा।

अध्याय—3

सचालन गतिविधियां

उधार-कार्य

वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के उधार-कार्यों का मार्ग-दर्शन, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 और उसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के सांविधिक उपबन्धों और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 6(3) द्वारा जारी किए गए निदेशक सिद्धांतों के अतिरिक्त उद्योग, लाइसेंस, आयात, निर्यात, संपरिवर्तनीय और गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचरों के निर्गमन, विदेशी सहयोग, प्रवर्तक योगदान, आदि से सम्बन्धित मामलों पर सरकार द्वारा दिए गए नीति वक्तव्यों द्वारा तथा छठी पंचवर्षीय योजना में घोषित उद्देश्यों और नीतियों द्वारा होता रहा है।

प्राथमिकता मापदण्ड

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थानों ने सरकार से प्राप्त हुए एक संदर्भ के अनुरूप, उद्योग द्वारा निर्माण की जाने वाली और लगाए जाने वाली नई और नवीकरणीय शक्ति जनन व्यवस्थाओं को प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में समझना स्वीकार कर लिया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, उद्योग के विस्तार, देश के अपेक्षाकृत कम विकसित क्षेत्रों के औद्योगिक विकास सहकारी क्षेत्र मे उद्योगों का विकास और स्वयं अपने लिए उचित रूप से विस्तृत निवेश दायित्व की आवश्यकता पर लगातार उचित ध्यान देता रहा।

प्राथमिकता क्षेत्र के कुछ उद्योगों से बड़ी संख्या मे आवेदन प्राप्त हुए। उदाहरण के लिए, चीनी उद्योग के मामले में अधिक लागत वाली नई चीनी इकाइयों से वित्तीय सहायता के लिए आवेदनों पर, जिन्हें प्रोत्साहनों तथा राहतों के हटाए जाने के कारण अव्यवहार्य समझे जाने की वजह से मई, 1978 से रोके रखा गया था, सरकार द्वारा पहली अक्तूबर, 1980 से लागू प्रोत्साहनों और राहतों की संशोधित योजना घोषित किए जाने के बाद पुनर्विचार किया गया। उपर्युक्त के अनुसार वित्तीय संस्थानों ने पहले-पहल चीनी इकाइयों, से प्राप्त अठारह आवेदनों पर विचार करने का निर्णय किया। शेष आवेदनों पर भी वर्ष 1981-82 के दौरान चरणबद्ध रूप में विचार किए जाने का निर्णय किया गया है।

मार्च, 1981 मे सरकार द्वारा नई वस्त्र नीति की घोषणा के बाद वित्तीय संस्थानों ने वस्त्र उद्योग के क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा की और उचित संख्या में आवेदनों पर विचार करने का निर्णय किया। ऐसी समीक्षाएं नियमित आधार पर वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की एक समिति द्वारा की जाती है, जो निर्धारित कार्य के लिए अनुमोदित मापदण्ड पर आधारित आवेदनों की जांच करते हैं।

लघु कागज परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त हुए आवेदनों की संख्या और पहले ही लगाई गई छोटी कागज इकाइयों के साथ वित्तीय संस्थानों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाने का निर्णय किया गया तथा उस प्रयोजन के लिए लघु कागज परियोजनाओं के आवेदनों की जांच और चयन करने के लिए वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की एक समिति बनाई गई।

लघु सीमेंट इकाइयों के आवेदनों पर विचार करने हेतु चयन के लिए भी प्रायः यही दृष्टिकोण अपनाया गया।

अन्य परियोजनाओं के सम्बन्ध मे, आवेदनों पर विचार करने के लिए चयन कार्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्तमान बैठक प्रणाली के अधीन अन्तर संस्थानात्मक सार तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के प्रधानों की बैठकों में प्रत्येक मामले के गुणावगुणों के आधार पर किया जाता रहा है।

मूल्यांकन मापदण्ड

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से अनेक पहलुओं अर्थात् तकनीकी, वित्तीय वाणिज्यिक और आर्थिक पहलुओं की दृष्टि से तथा परियोजनाओं के प्रबन्धकीय पहलू को भी उचित महत्व देते हुए, परियोजनाओं की व्यवहार्यता का मूल्यांकन लगातार करता रहा। प्रवर्तकों की विश्वसनीयता तथा ईमानदारी पर काफी बल दिया गया और इस प्रयोजन के लिए उनके आय-कर और सम्पदा कर निर्धारण से सम्बन्धित सूचना प्राप्त करने की प्रथा आरम्भ की गई। चूंकि प्रवर्तक सामान्यतः प्रबन्ध का केन्द्र होते हैं, परियोजनाओं का

मूल्यांकन करते समय उद्यमियों के रूप में उनकी पृष्ठभूमि तथा विशेषताओं और उनकी विद्यमान कारोबार के प्रबन्ध की विशेषता की भी जांच की जाती है और साथ ही नए उद्यमियों के सम्बन्ध में उचित लोच बरती जाती है। वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय उपर्युक्त के अतिरिक्त परियोजनाओं के "सामाजिक लागत-लाभ विश्लेषण", उर्जा संरक्षण तथा पारिस्थितिक पहलुओं को भी उचित महत्व प्रदान किया गया।

वित्तपोषण सिद्धान्त

(क) प्रवर्तकों का अंशदान

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुल परियोजना लागत के 20 प्रतिशत की दर से प्रवर्तक अंशदान की सामान्य आवश्यकता, जो अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं के मामले में ढील देकर 17.5 प्रतिशत की गई थी, को 29 अप्रैल, 1981 से अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में गैर-एकाधिकार निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा कम्पनियों द्वारा स्थापित की गई परियोजनाओं के मामले में प्रत्येक के गुण-दोषों के आधार पर परियोजना लागत के 17.5 प्रतिशत से और कम करके 15 प्रतिशत कर दिया गया। लेकिन, तकनीकज्ञ उद्यमियों, स्थानीय रूप से आधारित नए उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रवर्तक अंशदान के 15 प्रतिशत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इसी प्रकार, निर्धारित पर्वतीय क्षेत्रों में स्थापित की गई परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रवर्तकों का अंशदान कुल परियोजना लागत के 10 प्रतिशत की दर से स्वीकार्य रूप से परिचालित रही; 2 फरवरी, 1973 के औद्योगिक नीति कथन के परिशिष्ट-1 में विनिर्दिष्ट उद्योगों में गैर-एकाधिकार निबन्धनकारी व्यापार प्रथा संस्थाओं द्वारा स्थापित की गई 25 करोड़ रुपये की लागत सीमा तक की परियोजनाओं के सम्बन्ध में भी कोई परिवर्तन नही हुआ।

(ख) वित्तीय स्वरूप

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार ने, स्टाक एक्सचेंजों में प्रतिभूतियों के सूचीकरण के लिए जनता को दी जाने वाली प्रतिभूतियों की प्रतिशतता के सम्बन्ध में जुलाई, 1972 में जारी किए गए निर्देशक सिद्धांतो में संशोधन किए। 2 मार्च, 1981 को जारी किए गए संशोधित निर्देशक सिद्धान्तों के अनुसार वित्तीय संस्थानों के निर्देशों के अनुरूप अथवा एकाधिकार निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम के अन्तर्गत लगाए जाने के लिए आवश्यक प्रवर्तक अंशदान के समकक्ष बनाने के लिए प्रवर्तकों को वर्तमान 40 प्रतिशत की सीमा से अधिक इक्विटी धारण करने की अनुमति दे दी है बशर्ते कि परियोजना की आरम्भिक अवस्थाओं के दौरान इसकी उच्चतम सीमा 70 प्रतिशत हो। लेकिन, 40 प्रतिशत से अधिक इक्विटी शेयरधारिता को वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख से तीन वर्ष के भीतर, जन सामान्य को चालू बाजार मूल्यों पर बिक्री का प्रस्ताव पेश करके छोड़ना होता है और यह बिक्री विद्यमान शेयरधारियों को सुरक्षित शेयरों के रूप में नही करनी होती। इसके परिणामस्वरूप अब प्रवर्तक अंशदान की मात्रा को बढ़ाने के लिए प्रवर्तकों को अपनी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए अरक्षित ऋणों की व्यवस्था नही करनी होगी।

सरकार के निर्देशक सिद्धान्तों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, राज्य सरकार की विकास या निवेश एजेंसियों और सरकारी वित्तीय संस्थानों जैसे भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, आदि द्वारा अलग-अलग या संयुक्त रूप से किए गए 11 प्रतिशत तक अंशदान को सार्वजनिक अंशदान के भाग के रूप में समझा जाता रहेगा और यदि उपरिलिखित संस्थाएं अकेले या संयुक्त रूप से 11 प्रतिशत तक अभिदान कर देती है तो प्रवर्तकों द्वारा किया गया अंशदान इस प्रकार होगा कि शेयरों का न्यूनतम सार्वजनिक प्रस्तुतिकरण 20 प्रतिशत से कम न हो।

(ग) उद्योग के वित्तपोषण के स्त्रोत के रूप में डिबेंचर

उद्योग के वित्तपोषण के स्त्रोत के रूप में डिबेंचर बाजार को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने डिबेंचरों पर ब्याज दर की सीमा को, 27 अक्तूबर, 1980 को 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया और फिर 2 मार्च, 1981 को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 13.5 प्रतिशत कर दिया। यदि कम्पनी पिछले तीन वर्षों की औसत से अधिक मात्रा में अधिलाभांश घोषित कर रही हो तो ब्याज की दर में एक प्रतिशत और प्रोत्साहन की भी अनुमति दी गई है। कम्पनियों को डिबेंचरों से और अधिक निधि एकत्र करने के योग्य बनाने के लिए और इस प्रकार सरकारी वित्तीय संस्थाओं पर उनका भार कम करने के लिए सरकार ने, ऋण इक्विटी अनुपात को 111 से बढ़ाकर 211 करके उसमें छूट भी दे दी है। कार्यशील पूंजी और परियोजना के वित्तपोषण के लिए डिबेंचरों को, उनके निर्गम की तारीख से सात वर्ष के बाद विमोच्य डिबेंचरों के रूप में निर्गमित किया जा सकता है।

(घ) ऋण इक्विटी अनुपात

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सरकारी वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाए गए ऋण-इक्विटी अनुपात के मापदण्ड में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

(ङ) केन्द्रीय निवेश उप-सहायता

जैसा कि पहले सूचना दी गई है, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान पात्र औद्योगिक संस्थाओं को विशिष्ट क्षेत्रों में अपनी परियोजनाएं स्थापित करने के लिए अनुमत्य केन्द्रीय निवेश उप-सहायता की राशि को "इक्विटी" के रूप में मानते रहे। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से भारत सरकार ने, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पनप रही परियोजनाओं के सम्बन्ध में स्थिर परिसम्पत्तियों पर केन्द्रीय निवेश उप-सहायता की मात्रा को पहली मार्च, 1981 से 15 प्रतिशत (15 लाख रुपये की सीमा तक) से बढ़ाकर 20 प्रतिशत (20 लाख रुपये की सीमा तक) कर दिया।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, उन मामलों में जिनमें वह "अग्रणी" था, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को केन्द्रीय निवेश उप-सहायता की राशि के संवितरण के लिए संवितरण एजेंसी के रूप में भी कार्य करता रहा।

अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की गई परियोजनाओं के लिए रियायती वित्त की योजना

अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की परियोजनाओं, जो जुलाई, 1970 से कार्य कर रही है, के लिए रियायती वित्त की योजना में वर्ष के दौरान 2 मार्च, 1981 से परिवर्तन हुआ जब अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में निर्णय किया कि अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की गई परियोजनाओं के लिए ब्याज की रियायती दर को केवल नई इकाइयों (विद्यमान इकाइयों द्वारा स्थापित नई इकाइयों सहित)

तक सीमित रखा जाना चाहिए और विद्यमान इकाइयों की विस्तार/विशाखन योजनाओं पर लागू नहीं होगी। लेकिन, इस योजना के अन्तर्गत सहायता की सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और यह साझे वित्तपोषण के मामले में 2.00 करोड़ रुपये रही और जिन मामलों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम एकमात्र रूप से शामिल था उनमें 1.00 करोड़ रुपये रही। इस समय प्रवृत्तमान योजना का ब्योरा रिपोर्ट के परिशिष्ट-"ट" में दिया गया है।

आधुनिकीकरण सहायता देने के लिए योजना

जैसा कि पहले सूचना दी गई है पांच चुने हुए उद्योगो अर्थात् सूती वस्त्र सीमेंट, चीनी, पटसन और कुछ इंजीनियरिंग उद्योगों को आधुनिकीकरण सहायता देने के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम की भागीदारी में नवम्बर, 1976 से प्रारम्भ की गई उदार ऋण योजना नामक एक योजना का संचालन कर रहा था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने उदार ऋण योजना पर पुनर्विचार किया तथा सभी उद्योगों को उनके सामान्य उधार कार्यों के एक भाग के रूप में आधुनिकीकरण सहायता प्रदान की।

फिर भी, उपर्युक्त दोनो योजनाओं अर्थात्, पांच चुने हुए उद्योगों के लिए उदार ऋण योजना और अन्य सभी उद्योगों के लिए आधुनिकीकरण सहायता योजना, के अन्तर्गत अब सहायता संपरिवर्तनीयता खण्ड को प्रतिबन्धित किए बिना दी जा रही है।

उधार शर्तें

(क) ब्याज की दर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की ब्याज दरों में संशोधन हुए, प्रथमतः वित्त अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानो की ब्याज आय पर लगाए गए ब्याज कर के तत्व को मिलाने के प्रयोजन के लिए और बाद में छठी पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान संगृहीत की जाने वाली निधियों की लागत में वृद्धि को देखते हुए तथा ब्याज दर के ढांचे में बेहतर समरूपता लाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 2 मार्च, 1981 से संशोधन किया गया।

30 जून, 1980 को लागू ब्याज की उधार दरें, पहली जुलाई, 1980 से लागू की गई संशोधित दरें और बाद में 2 मार्च, 1981 से बढाई गई दरें परिशिष्ट-"ठ" में दी गई हैं।

उधार की मूल दरों में परिवर्तन के साथ पूरक ऋण की ब्याज दरों में भी संशोधन किया गया; लेकिन नियमित उधार दरों और पूरक ऋण की ब्याज दरों के बीच अन्तर एक प्रतिशत वार्षिक ही रहा।

वर्ष के दौरान, वित्तीय संस्थानो न, प्राइवेट लिमिटेड और समीप रूप से धारित कम्पनियों को उनकी उन परियोजनाओं के पूरा होने की तारीख से जिनके लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई थी, दिए गए ऋणों पर एक प्रतिशत वार्षिक अतिरिक्त ब्याज लेने की पद्धति को एकरूप ग्रहण करने का निर्णय भी किया है। लेकिन, उपर्युक्त अतिरिक्त ब्याज सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों पर, सहकारी समितियों और विस्तृत रूप से धारित लिमिटेड कम्पनियों की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनियों पर तथा ऐसी कम्पनियों पर, जिनके शेयर संस्थानों द्वारा प्रत्यक्ष अभिदान के कारण सूचीबद्ध न किए गए हों, अथवा जिन्होंने यह वचन दिया हो कि वे अपने शेयरों को सहमति अनुसार निर्धारित तारीख तक सूचीबद्ध करवा लेंगी, लागू नहीं होगा।

(ख) वचनबद्धता प्रभार

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वचनबद्धता प्रभार की दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, केवल उन मामलों में जिनमें आवेदनों पर उदार ऋण योजना, जिसमें सम्पूर्ण दीर्घावधि ऋण ब्याज की सामान्य दरों पर मंजूर किया गया था, के अन्तर्गत विचार किया गया था, उनमें वचनबद्धता प्रभार भी रियायती दर के बदले में सामान्य दर पर लागू किया गया।

(ग) संपरिवर्तनिय खण्ड

1971 में जारी किए गए सरकार के निदेशक सिद्धान्तों के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के पास इसके द्वारा दिए गए रुपया ऋण के भाग को, उन मामलों में जिनमें कुल वित्तीय सहायता 25 लाख रुपये से अधिक हो वित्तपोषित संस्थाओं की इक्विटी पूंजी में संपरिवर्तित करने का अधिकार आरक्षित है। यह अनुबन्ध 25 लाख रुपये से 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के मामले में वित्तीय संस्थाओं की स्वेच्छा पर था लेकिन 50 लाख रुपये से अधिक कुल सहायता के मामलों में यह अनिवार्य था।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, संपरिवर्तनीयता खण्ड के लगाए जाने से सम्बन्धित निर्देशक सिद्धान्तो में संशोधन करने के लिए सरकार की घोषणा से पहली अगस्त, 1980 को यह निर्णय किया गया कि संपरिवर्तनीयता खण्ड अनिवार्य रूप से, यहां पहले निर्धारित 50 लाख रुपये की अपेक्षा 1.00 करोड़ रुपये से अधिक वित्तीय सहायता के सम्बन्ध में लागू होगा। यह भी निर्णय किया गया कि वित्तीय संस्थान संपरिवर्तनीयता विकल्प का प्रयोग इस प्रकार करेंगे कि वे किसी विद्यमान संस्था की शेयर पूंजी का 40 प्रतिशत से अधिक भाग प्राप्त न करें। फिर भी, वित्तीय संस्थानो को देय राशियों की अदायगी में निरन्तर चूकों अथवा वित्तपोषित संस्था के कुप्रबन्ध या किसी वित्तपोषित संस्था के तीन महीने से अधिक समय तक लगातार बन्द रहने के मामलों में वित्तीय संस्थान सरकार की सहमति से संपरिवर्तनीयता विकल्प का इस प्रकार प्रयोग कर सकते हैं कि उनकी शेयरधारिता 51 प्रतिशत या उससे अधिक हो सकती है।

संपरिवर्तनीयता खण्ड पहले ही निम्नलिखित पर लागू नहीं था—

(क) सहकारी क्षेत्र की इकाइयों को मंजूर किए गए रुपया ऋण,

(ख) उदार ऋण योजना अथवा आधुनिकीकरण सहायता के अन्तर्गत प्रदान किए गए रुपया ऋण,

(ग) ऐसी इकाइयो को मंजूर किए गए रुपया ऋण जो या तो सार्वजनिक क्षेत्र में हो अथवा जिन पर कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 ख के उपबन्ध लागू होते हों,

(घ) ऐसे रुपया ऋण, जिनमें कुल राशि 25 लाख रुपये से अधिक न हो और

(ङ) मंजूर किए गए विदेशी मुद्रा ऋण/समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सरकार द्वारा जारी किए गए संशोधित निर्देशक सिद्धान्तो के अनुरूप जिन मामलों में वित्तीय संस्थानो द्वारा दिया गया कुल रुपया ऋण सहायता 1.00 करोड़ रुपये से कम था उनके सम्बन्ध में प्रत्येक मामले के गुणावगुणो के आधार पर संपरिवर्तनीयता विकल्प को छोड़ दिया गया था। इसी प्रकार, जिन मामलो में किसी वित्तपोषित संस्था की इक्विटी

पूंजी में विद्यमान संस्थानों की शेयरधारिता 51 प्रतिशत या अधिक हो, उनमें "अग्रणी" संस्थान को प्रत्येक मामले के गुणावगुणों और परिस्थितियों के आधार पर संपरिवर्तनीय अधिकार से छूट देने का प्राधिकार प्राप्त है।

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 469 संस्थाओं के सम्बन्ध में रुपया ऋण को इक्विटी में संपरिवर्तन करने सम्बन्धी शर्तें अनुबन्ध की थीं, जबकि वास्तव में संपरिवर्तन अधिकार का प्रयोग 51 मामलों में किया गया, अधिकांश अन्य मामलों में इस अधिकार के प्रयोग का समय अभी नहीं आया था तथा कुछ मामलों में वित्तीय संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से सभी सम्बन्धित पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद संपरिवर्तन अधिकार के प्रयोग से छूट देना उचित समझा गया।

(घ) पुनर्अदायगी सूची

वर्ष के दौरान निर्णय किया गया कि औद्योगिक संस्थाओं को मंजूर किए गए ऋण की पुनर्अदायगी अवधि सामान्यतः ऋण सेवा व्यवस्था सहित होनी चाहिए और उसे ध्यान में रखते हुए पुनर्अदायगी अवधि उचित प्रारम्भिक स्थगन-काल सहित न्यूनतम रखी जानी चाहिए।

(ङ) अधिलाभांश की घोषणा सम्बन्धी अनुबन्ध

वर्ष के दौरान नियम के रूप में इस शर्त में ढील दी गई थी ताकि उधार लेने वाली संस्था द्वारा अधिलाभांश की घोषणा के लिए अनुमति केवल तभी अपेक्षित हो जब अधिलाभांश की दर 15 प्रतिशत वार्षिक से अधिक हो अथवा पिछले तीन पूर्ववर्ती वर्षों की अवधि के दौरान अधिकतम अदा की गई हो, जो भी अधिक हो।

संवितरण कार्यविधि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने अपनी संवितरण कार्यविधियों को सरल बना लिया जिससे कि उधार लेने वाली संस्थाओं को न केवल राहत मिल सके अपितु उन्हें यथाशीघ्र वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिल सके। ऐसा एक निर्णय था कि सभी मामलों में समरूप बन्धक को निर्णय के रूप में स्वीकार किया गया जबकि पहले अंग्रेजी बन्धक की पद्धति अपनाई जाती थी। अन्य महत्वपूर्ण कार्यविधि परिवर्तन, जिसमें दस्तावेजों को तैयार करने में लगने वाला समय काफी कम हो गया, मुख्तारनामा व्यवस्था थी जिसके अन्तर्गत साझे वित्तपोषण के सभी मामलों में "अग्रणी" संस्थान अपनी ओर से तथा अन्य भागीदार संस्थानों द्वारा दिए गए मुख्तारनामे के कारण उनके एजेंट के रूप में निष्पादित किए गए दस्तावेजों का एक साझा सेट तैयार करवाएगा।

पूरक ऋण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पूरक ऋणों के संवितरण से सम्बन्धित कार्यविधि को काफी सरल बनाया गया। पूरक ऋण (चाहे वित्तपोषण की सामान्य योजना के अधीन हो या उदार ऋण योजना के अधीन) अब निम्नलिखित सरलीकृत दस्तावेजों के अधीन प्राप्त किया जा सकता है।

(क) प्रवर्तकों/संचालकों की व्यक्तिगत गारंटियां,

(ख) उधारकर्ताओं की मशीनरी और चल परिसम्पत्तियों को बन्धक रखना (बैंकरों के पक्ष में कार्यशील पूंजी के लिए विनिर्दिष्ट चल परिसम्पत्तियों पर प्राथमिक प्रभार की शर्त के अधीन);

(ग) ऋण देने वाले संस्थानों के पक्ष में मांग वचन-पत्र।

उधार लेने वाली संस्था द्वारा प्राप्त किए जा सकने वाले पूरक ऋण की राशि को प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के आधार पर नियमित ऋण राशि के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। क्रमिक पूरक ऋणों के लिए दस्तावेजों की पुनरावृत्ति से बचने के लिए यह निर्णय किया गया कि ऋण की राशि के 90 प्रतिशत के समकक्ष राशि के लिए पूरक ऋण दस्तावेजों को सीधा ही निष्पादित किया जा सकता है और कि पूरक ऋण राशि की किस्तों की आवश्यकताओं, अनिवार्य पूर्व-अपेक्षाओं के अनुपालन उदाहरणार्थ समान अंशदान, जहां कहीं आवश्यक हो तथा अन्य सम्बन्धित पहलुओं के आधार पर संवितरित किया जा सकता है।

सहकारी समितियों के मामले में 100 प्रतिशत केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार की गारंटियों पर पूरक ऋण संवितरित किया जा सकता है और ऐसे मामलों में बन्धक विलेख के निष्पादन से भी छूट दी जा सकती है।

विधिक दस्तावेजों का सरलीकरण

"अग्रणी" संस्थान द्वारा अन्य भागीदार संस्थानों की ओर से साझे दस्तावेज तैयार करने की योजना आरम्भ करने," विधिक दस्तावेज तैयार करने की प्रचलित प्रक्रिया को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सरल बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। एतद अनुसार, आशय-पत्र, हामीदारी पत्र, ऋण करार, बन्धक विलेख और अन्य सम्बन्धित दस्तावेजों के नए सरलीकृत प्रपत्र तैयार किए गए और उनका परिचालन शुरू किया गया।

भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना

जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान काफी समय से ऐसे किसी उपाय पर विचार कर रहे थे जिससे आवेदक संस्था को, जहां तक सम्भव हो, अपनी परियोजना के मूल्यांकन, निधियों के संवितरण और मंजूरी के बाद अनुवर्तन के लिए केवल एक ही वित्तीय संस्थान से सम्पर्क रखना पड़ा। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, उन परियोजनाओं के लिए जिनकी लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक न हो, भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना नामक एक योजना पिछले वर्ष बनाई गई थी।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस योजना की रूपरेखा निश्चित की गई और अब यह योजना शुरू की जा चुकी है।

अनुवर्ती कार्यवाही

यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि वित्तपोषण संस्थाएं अनुसूचित कार्यक्रम के अनुसार कार्यान्वित की जा रही हैं और रुग्णता से बचने के लिए वित्तपोषित परियोजनाओं की प्रगति और विकास पर नजर रखी जाती है और रुग्णता हो जाने की स्थिति में वित्तीय संस्थानों की अनुवर्ती भूमिका को वर्ष के दौरान पर्याप्त महत्व दिया गया।

अन्य सभी वित्तीय संस्थानों सहित भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की अनुवर्ती कार्यवाही में निम्नलिखित बातें निहित हैं

(1) मासिक उत्पादन रिपोर्टें प्राप्त करना जो सहायता प्राप्त संस्थाओं को उनके अपने-अपने प्रवर्तन प्राधिकारियों अर्थात् तकनीकी विकास महानिदेशालय, वस्त्र आयुक्त, पटसन आयुक्त, चीनी और वनस्पति निदेशालय आदि को प्रस्तुत करनी होती हैं।

(2) वित्तीय संस्थानों द्वारा बनाए गए प्रपत्रों में त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करना।

(3) वित्तपोषित संस्थाओं के फैक्टरी स्थल पर जाकर जांच करना तथा लेखा पुस्तकों की जांच पड़ताल करना।

(4) वित्तपोषित संस्थाओं के कार्य-परिणामों तथा वित्तीय स्थिति की अर्द्धवार्षिक/वार्षिक सारणियों की जांच करना।

(5) उचित मामलों में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित वित्तीय संस्थानों के हित की देखभाल करने और समय-समय पर वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्ध तथा संचालन के बारे में सूचना देने के लिए वित्तपोषित संस्थाओं के संचालक बोर्डों/प्रबन्ध में सरकारी/गैर सरकारी नामित सदस्यों की नियुक्ति करना।

चूंकि उपर्युक्त कार्यवाही में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, वर्ष के दौरान उसकी गहनता एवं आवधिकता में वृद्धि हुई। गहन अनुवर्ती कार्यवाही के अतिरिक्त, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अपने प्रधान कार्यालय में तथा अपने क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के माध्यम से, आरम्भिक रुग्णता के लक्षणों वाली इकाइयों के प्रवर्तकों/प्रमुख अधिकारियों के साथ निकट पारस्परिक सम्बन्ध और तालमेल बनाए रखता है। जहां कहीं आवश्यक हो, इकाइयों का अनुरक्षण समवर्ती लेखापरीक्षकों, वित्त संचालकों की नियुक्ति, प्रबन्ध समितियों के गठन, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने से तथा जिन मामलों में वित्तपोषित परियोजना का कमजोर पहलू तकनीकी, बाजार सम्बन्धी, गुणवत्ता, जागरुकता आदि हो, उनमें सलाहकारी संगठनों की नियुक्ति के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

वित्तपोषित संस्थाओं के बैंकरों, जिन्हें सामान्यतः औद्योगिक इकाइयों के प्रबन्ध के साथ दिन-प्रतिदिन का सम्पर्क होने के कारण आरम्भिक रुग्णता के लक्षण सर्वप्रथम ज्ञात होते हैं, से भी समय-समय पर परामर्श किया जाता है और जहां कहीं एक सांझी नीति बनाने तथा परिस्थिति में सुधार लाने के लिए निर्धारित की जाने वाली कार्यवाही का प्रश्न उठता है, बैंकरों का निश्चित सहयोग मांगा गया।

वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा आवश्यकतानुसार प्रबन्ध सूचना एवं नियंत्रण व्यवस्था को संगठन में लागू करने एवं उनके संचालक बोर्डों के सम्मुख वार्षिक परिचालन योजनाएं, पूंजी और आय बजट प्रस्तुत करने एवं उत्पादन, बिक्री, स्टाक, प्राप्य, देयताएं आदि की जानकारी देने पर अधिक बल दिया गया ताकि इनके संचालक बोर्डों की समग्र प्रभावशालिता एवं नामित संचालकों की प्रभावशालिता को बढ़ाया जा सके।

अनुवर्ती कार्यवाही से सम्बन्धित विभिन्न प्रपत्रों तथा सारणियों की, इस समय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की अध्यक्षता के अधीन वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की एक समिति द्वारा पुन: जांच की जा रही है। सम्भावना है कि आगामी वर्षों में कार्यविधियों तथा कार्यप्रणालियों को और अधिक सरल बनाया जा सकेगा।

नामांकन

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित वित्तीय संस्थानों तथा वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्धक वर्गों के बीच निकट सम्बन्ध स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण आयाम उनके संचालक बोर्डों में अपने सदस्य नामित करना है। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 25(2) के अनुसरण में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, इसके द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं के संचालक बोर्ड में सामान्यतः दो संचालक नियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। संयुक्त वित्तीय सहायता के मामले में प्रथा यह रही है कि भागीदारी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान एक अथवा अधिक सदस्यों को नामित कर सकें।

ऋणों को साधारण शेयरों में सपरिवर्तन करने से सम्बन्धित सरकार के निर्देशक सिद्धान्तों के अनुसार उन सभी वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में सदस्य नामित करना अनिवार्य है जिनके सम्बन्ध में वित्तीय सहायता के करार में ऋणों को साधारण शेयरों में बदलने की सपरिवर्तन धाराएं अनुबन्धित की गई हैं। अन्य मामलों में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सामान्यतः निम्नलिखित स्थितियों में वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में अपने संचालक नामित करने की स्वेच्छा का उपयोग करता है —

(1) जिन मामलों में निगम की वचनबद्धता तुलनात्मक रूप से अधिक हो,

(2) जिन मामलों में निगम के ऋणों के मूलधन तथा ब्याज की अदायगी में चूक की गई हो; तथा

(3) जिन मामलों में वित्तपोषित संस्थाओं पर सतर्कता रखने अथवा नजदीकी देखभाल करने की अन्यथा आवश्यकता हो।

वित्तपोषित संस्थाओं के संचालक बोर्डों में नियुक्त किए जाने वाले नामित सदस्य सरकारी अथवा गैर-सरकारी हो सकते हैं। सरकारी नामित सदस्य सामान्यतः किसी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान के पूर्णकालिक कर्मचारी होते हैं तथा गैर-सरकारी नामित सदस्यों की नियुक्ति, जहां कहीं आवश्यक समझा जाए, केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुमति से उन सांझी नामिका में उचित व्यक्ति चुनकर की जाती है, जो भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा रखी जाती होती है।

हाल ही में, वित्तीय संस्थानों के नामित संचालकों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं। जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था, वित्तीय संस्थानों ने संयुक्त रूप से गैर-सरकारी नामित संचालकों को प्रति नामित संचालक प्रति माह 1,000/- रुपये तक के वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति के माध्यम से सचिवालय सहायता प्रदान करने का निर्णय किया है और प्रासंगिक व्यय की प्रतिपूर्ति करने के लिए भी सहमति व्यक्त की है तथा उन्हें उन मामलों में बैठक शुल्क की भी अदायगी करने की सहमति दी है जहां वित्तपोषित संस्थाएं आर्थिक तंगी के कारण ऐसा करने की स्थिति में नहीं हैं। इसका उद्देश्य यह है कि नामित संचालक वित्तपोषित संस्थाओं के कार्य में पूर्ण रुचि लें तथा उन वित्तीय संस्थानों को सार्थक जानकारी उपलब्ध कराएं जिनका वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 527 वित्तपोषित संस्थाओं में नामित संचालक नियुक्त किए हैं। 335 संस्थाओं में केवल सरकारी नामित संचालक नियुक्त किए गए हैं, 176 संस्थाओं में गैर-सरकारी नामित संचालक नियुक्त किए गए हैं तथा 16 संस्थाओं में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों सदस्य नियुक्त किए गए हैं। नामित संचालकों के दायित्व की समीक्षा करने की दृष्टि से तथा उन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एवं वित्तीय संस्थानों के पास उपलब्ध व्यावसायिक प्रबन्धकों का संवर्ग बनाने की आवश्यकता तथा रूपरेखा की जांच करने के लिए सरकार ने एक समिति नियुक्त

की जिसमें संयोजक के रूप में वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) का संयुक्त सचिव तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम और भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम के अध्यक्ष सदस्य हैं।

साझा दृष्टिकोण-अग्रणी संस्थान की धारणा

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यों की काफी महत्वपूर्ण विशेषता है परियोजनाओं का संयुक्त वित्तपोषण अथवा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के निकट सहयोग में साझा दृष्टिकोण अपनाना।

साझे दृष्टिकोण से सम्बन्धित कार्यवाही में, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की आवधिक बैठकें आयोजित करना शामिल है। जिन बैठकों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के अध्यक्ष हर माह भाग लेते हैं उन्हें अन्तर-संस्थान बैठक तथा पाक्षिक रूप से आयोजित की जाने वाली बैठकें जिनमें अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेते हैं उन्हें वरिष्ठ अधिकारी बैठक कहते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में बम्बई में ग्यारह अन्तर-संस्थान बैठकें और पन्द्रह वरिष्ठ अधिकारी बैठकें आयजित की गईं। नीति, कारोबार, कार्य-विधि, आवेदनों पर विचार, परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुवर्तन तथा रूग्ण इकाइयों के पुनर-स्थापन सम्बन्धी मामलों में समन्वित दृष्टिकोण अपनाने तथा सहमति प्राप्त करने के लिए ये बैठकें उपयोगी मंच का कार्य करती हैं।

साझे वित्तपोषण की कार्यवाही से सम्बन्धित धारणा है "अग्रणी" संस्थान की धारणा जो अब परियोजनाओं के मूल्यांकन, सहायता के संवितरण, संवितरण के बाद अनुवर्ती कार्यवाही और रूग्ण परियोजनाओं के उपचार के सम्बन्ध में सभी मामलों में और अधिक विस्तृत हो गई है। "अग्रणी", संस्थान की धारणा में आधारभूत दृष्टिकोण यह है कि आवेदक/वित्तपोषित संस्था को केवल एक ही संस्थान-जो "अग्रणी" हो—के सम्पर्क में रहना पड़ता है और अन्य संस्थान सामान्यतः "अग्रणी" संस्थान के साथ निकट सम्पर्क तथा सम्बन्ध बनाए रखते हैं, तथापि वे आवेदक/वित्त-पोषित संस्थाओं के साथ प्रत्यक्ष सम्पर्क भी, यदि ऐसी आवश्यकता हो, स्थापित कर सकते हैं। 30 जून, 1981 तक 516 संस्थाओं में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पर अग्रणी दायित्व था।

वाणिज्यिक बैंकों के साथ समन्वय

वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के साथ अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बना रहा। दीर्घावधि ऋणों में भागीदार वाणिज्यिक बैंक तथा वित्तपोषित इकाइयों को कार्यशील पूंजी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले बैंकों में से "अग्रणी" बैंक को, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा "अग्रणी" संस्थान की हैसियत से वित्तपोषित इकाइयों के मूल्यांकन और अनुवर्तन निरीक्षणों के लिए आमंत्रित किया जाता रहा। वित्तपोषित संस्थाओं के प्रवर्तकों/संचालकों, आदि की साखा-पात्रता के सम्बन्ध में बैंकरों की रिपोर्टें प्राप्त करने की पद्धति तथा वित्तपोषित संस्थाओं से सम्बन्धित आवश्यक परिचालन सूचनाओं को आपस में बांटने का कार्य वर्ष के दौरान पारस्परिक आधार पर लगातार होता रहा। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय के लिए स्थायी समिति, जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय औद्योगिक विकास बैंक करता है, के माध्यम से कठिन या रूग्ण मामलों में प्रतिभूतियों तथा नकद प्रवाह में हिस्सेदारी के मामले में भी बैंकों के साथ समन्वय किया गया।

रूग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन और पुनर्निर्माण के मामले में भी [illegible] इकाइयों के पुनर्जीवन से सम्बन्धित [illegible], अथवा संयुक्त रूप से वित्तपोषित अन्य इकाइयों के मामले में अन्य सुधारात्मक उपाय अपनाने के लिए सम्बन्धित वाणिज्यिक बैंकों का सहयोग प्राप्त किया गया।

निवेश कार्य

निवेशों के मामले में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम उत्प्रेरक भूमिका अदा करता रहा है। मूल रूप से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निवेश कार्य, हामीदारी के परिणामस्वरूप शेयरों के अधिग्रहण, लघु/मध्यम आकार की परियोजनाओं के मामले में साधारण शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान और संपरिवर्तन धाराओं के उपयोग तक सीमित थे। 30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कुल 34.53 करोड़ रुपये के निवेशों में से लगभग 65.5 प्रतिशत भाग हामीदारी के परिणामस्वरूप, 16.7 प्रतिशत भाग प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में और 17.8 प्रतिशत भाग संपरिवर्तन धारा के विकल्प का प्रयोग करके प्राप्त किया गया था।

जहां तक सामान्य नीति का सम्बन्ध है भारतीय औद्योगिक वित्त निगम हामीदारी कार्यों को परियोजना वित्तपोषण की पद्धति के रूप में ही मानता है। साधारण शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान चयनात्मक आधार पर लघु मध्यम आकार की परियोजनाओं के संबंध में किया जाता है। इसके अतिरिक्त नीति दृष्टिकोण से केवल उन निवेशों को छोड़कर, जो भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने विशिष्ट वित्तीय संस्थानों तथा तकनीकी सलाहकारी संगठनों की शेयर पूंजी में प्रारंभिक अभिदान के रूप में किए थे। निगम इसकी निधियों के पुनर्निर्धारण और पूंजी बाजार को त्वरित करने के दोहरे लक्ष्य सहित शेयरों को छोटे-छोटे हिस्सों में जनता में बेचने का प्रयास करता है। यह निर्णय करने के लिए कि शेयरों को बेचा जाए या नहीं, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम निम्नलिखित विशेष बातों को ध्यान में रखता है :—

(क) अधिग्रहण की तारीख के संदर्भ में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की विद्यमान शेयर धारिता।

(ख) कम्पनी के वित्तीय परिणाम और सुदृढ़ता।

(ग) सम्भावित बोनस/सुरक्षित निर्गम।

(घ) पिछला अधिलाभांश रिकार्ड और सम्भावित आगामी अधिलाभांश।

(ङ) उस मूल्य और अवधि, जिसके लिए शेयर धारित थे, के संदर्भ में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को औसत परिलब्धि।

(च) वर्तमान बाजार दरें और भविष्य प्रवृत्ति।

(छ) स्टाक बाजार और संस्था के प्रबन्ध पर प्रभाव।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपनी शेयरधारिता मुख्यतः स्टाक दलालों के माध्यम से छोटे-छोटे हिस्सों में खुले बाजार में अथवा सहमति मूल्य पर निवेश संस्थानों को बेचता है। केवल विशेष मामलों और परिस्थितियों में, जिनमें प्रवर्तकों के साथ शेयरों को वापस खरीदने की सहमति हुई हो अथवा वर्तमान प्रबन्धक वर्ग की स्थिति को मजबूत करने के लिए अथवा सम्बन्धित शेयरों की बाजार में स्थिति अच्छी न होने पर, शेयरों को प्रत्यक्ष रूप से अथवा व्यक्तिगत विचार-विमर्श द्वारा मूल प्रवर्तकों को हस्तान्तरण करके बेच दिया जाता है।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड द्वारा इसके निवेश कार्यों के रूप में समय-समय पर हामीदारी अथवा प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में प्राप्त हुए शेयरों के अधिग्रहण के

सम्बन्ध में प्राप्त हुई रिपोर्टों एवं निवेशों की बिक्री, बट्टे-खाते डालने/विमोचन एवं निपटान, के सम्बन्ध में विचार किया जाता है ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हामीदारी/प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में 21.4 करोड़ रुपये का निवेश किया और निवेशों की बिक्री/बट्टा खाता/विमोचन 1.07 करोड़ रुपये रहा ।

अध्याय–4

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की वित्तपोषित संस्थाओं की समीक्षा

अवस्थापना सुविधाओं में सुधार होने और सरकार द्वारा औद्योगिक क्षमता का सर्वोत्तम सीमा तक उपयोग का निश्चित पर्यवेक्षण किए जाने के फलस्वरूप कुल औद्योगिक उत्पादन में वर्ष 1980-81 में 4.1 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1979-80 में उत्पादन में लगभग 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

औद्योगिक उत्पादन में समग्र सुधार का प्रभाव भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं में भी समान रूप से दिखाई पड़ा। देश के कुछ चुने हुए उद्योगों तथा वर्ष 1979-80 और 1980-81 के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त नियम की वित्तपोषित संस्थाओं का क्षमता उपयोग परिशिष्ट-ड में दिखाया गया है। जैसा कि उक्त परिशिष्ट से स्पष्ट है कि नियम द्वारा वित्तपोषित अधिकांश औद्योगिक इकाइयों के सम्बन्ध में क्षमता उपयोग प्रतिशत वर्ष 1980-81 में पिछले वर्ष के क्षमता उपयोग प्रतिशत से अधिक था।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित कुछ महत्वपूर्ण उद्योगों की प्रगति का उल्लेख निम्नलिखित अनुच्छेदों में किया गया है। इन उद्योगों में से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित कुछ संस्थाओं की वर्ष 1980-81 (अप्रैल-मार्च) के दौरान प्रगति की समीक्षा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की लगभग 325 औद्योगिक संस्थाओं के सर्वेक्षण के आधार पर की गई है।

चीनी

वर्ष 1980-81 में 51.40 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की संभावना है जो पिछले वर्ष से 12.81 लाख टन अधिक है। 31 मार्च, 1981 की स्थिति के अनुसार चीनी उद्योग के 323 चीनी कारखानों की विस्थापित क्षमता 62.03 लाख टन वार्षिक थी। सम्भावना है कि 1980-81 के अन्त तक चीनी की विस्थापित क्षमता 64.50 लाख टन होगी जबकि 342 चीनी कारखानों को 74.67 लाख टन चीनी उत्पादन का लाइसेंस दिया गया है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सरकार द्वारा अपनाई गई चीनी नीति आंशिक नियंत्रण एवं दोहरी कीमत प्रणाली पर आधारित थी। पहली सितम्बर, 1980 से सरकार ने नई विस्तार चीनी परियोजनाओं पर लागू प्रोत्साहनों, रियायतों और राहतों की योजना को संशोधित मापदण्डों के आधार पर पुनः चालू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप चीनी इकाइयों की आर्थिक व्यवहार्यता में पर्याप्त सीमा तक सुधार हुआ।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 30 जून, 1981 तक 197 चीनी इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान की थी जिनमें से 144 सहकारी क्षेत्र में थी और शेष निगमित क्षेत्र में। यह देखा गया कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा किए गए सर्वेक्षण में भाग लेने वाली 68 सहकारिताओं का क्षमता उपयोग वर्ष 1980-81 में 77 प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष सूचना देने वाली 62 सहकारिताओं द्वारा प्राप्त क्षमता उपयोग 61.7 प्रतिशत था। निगमित क्षेत्र की 18 इकाइयों का औसत क्षमता उपयोग प्रतिशत, पिछले वर्ष की 19 इकाइयों के 51.4 प्रतिशत के मुकाबले 67 8 प्रतिशत था। फिर भी, देश के कुछ भागों में मिलें या तो गन्ने की अनुपलब्धता के कारण अथवा गन्ने को चीनी कारखाने से गुड़ और खाडसारी की ओर भेजे जाने के कारण सम्भावित स्तर तक पिराई नहीं कर सकी। वसूली प्रतिशत में भी कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ हालांकि यह पिछले वर्ष के वसूली प्रतिशत से बेहतर था। आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र, केरल, देश के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित चीनी इकाइयों के कार्य-परिणामों में, गन्ने की कमी के कारण कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ। पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र में कुछ कारखाने समय पर पिराई शुरू नहीं कर सके। फिर भी, देश के अन्य भागों में स्थित इकाइयों में निश्चित सुधार दृष्टिगोचर हुआ।

सूती वस्त्र

1980-81 (अप्रैल-मार्च) में सूती वस्त्र उद्योग में काफी प्रगति हुई तथा उत्पादन और बिक्री में समग्र वृद्धि हुई। सिंथेटिक मिश्रित सहित सभी प्रकार के धागों का कुल उत्पादन 13,000 लाख कि. ग्रा. हुआ जो कि पिछले वर्ष में 12,170 लाख कि.ग्रा. था।

कपड़े की मिश्रित किस्मों सहित सभी प्रकार के कपड़ों का उत्पादन पिछले वर्ष में 40850 लाख मीटर के मुकाबले 41640 लाख मीटर रहा। कपड़े के उत्पादन में अपेक्षाकृत कम वृद्धि से स्पष्ट है कि धागे का पर्याप्त बड़ा भाग, विकेन्द्रीकृत क्षेत्र द्वारा उसका उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयोग किया गया था।

विस्तार क्षमता में अवरोध के कारण करघों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई। लेकिन, कुछ मिलों ने पुराने करघों के बदले में स्वचालित करघे लगा लिए और इससे उन्हें अपना उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली।

इस समय देश में 693 सूती वस्त्र मिलें हैं जिनमें 415 कताई मिलें और 278 संयुक्त मिलें हैं। इनमें से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 30 जून, 1981 तक 296 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की। हालांकि, निगम द्वारा वित्तपोषित सूती वस्त्र की अधिकांश इकाइयों ने कैलेण्डर वर्ष 1980 में सन्तोषप्रद प्रगति बनाए रखी, लेकिन वर्ष 1981 के आरम्भ में, मध्यम तथा मोटे किस्म के सूत की कीमतों में वृद्धि तथा धागे की कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव और कुछ राज्यों में बिजली की कमी के कारण मिलों के कार्य परिणामों में गिरावट की प्रवृत्ति आई थी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा हाल ही में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार सूचना देने वाली 88 इकाइयों में से 72 इकाइयों का क्षमता उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की कमी के कारण कम रहा और कुछ इकाइयों से तनावपूर्ण श्रमिक सम्बन्धों की भी सूचना मिली है। समग्रतः, इस उद्योग को, जिसे पिछले दो वर्षों के दौरान काफी लम्बे समय तक अनुकूल परिस्थितियां मिलती रहीं, अब कच्चे माल और अन्य निवेशों की बढ़ी हुई कीमतों और कपड़े के मन्दे बाजार का सामना करने में अपेक्षाकृत कठिनाई का अनुभव हो रहा है।

सरकार द्वारा 9 मार्च, 1981 को नई वस्त्र नीति, जिसमें बहु-धागा नीति की परिकल्पना की गई है और उद्योग को घरेलू स्रोतों से कृत्रिम तन्तु और धागा उपलब्ध कराने और कमी को आवश्यक आयातों से पूरा करने का आश्वासन दिया गया है,

की घोषणा से उद्योग की स्थिति में सुधार होने की सम्भावना है।

पटसन उद्योग

हालांकि वर्ष 1980-81 (अप्रैल-मार्च) के दौरान पटसन की वस्तुओं के 13.91 लाख टन के कुल उत्पादन और पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के 13.37 लाख टन के उत्पादन में काफी समानता है तथापि, वर्ष 1980-81 के दौरान पटसन इकाइयों का उत्पादन उत्पादन-मिश्र दृष्टिकोण से असन्तुलित रहा, क्योंकि बोरियों और टाट का उत्पादन अधिक मात्रा में और गलीचे के अस्तर का उत्पादन कम हुआ। वर्ष 1980-81 के दौरान उद्योग की लाभप्रदता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जिसका मुख्य कारण तैयार माल के विक्रय मूल्य में गिरावट थी।

पटसन वस्तुओं के निर्यात में भी वर्ष 1980-81 (अप्रैल-मार्च) के दौरान पिछले वर्षों के मुकाबले 14 प्रतिशत की कमी हुई जिसका मुख्य कारण यह था कि विदेशी खरीदारों ने कालीन का अस्तर कम मात्रा में उठाया।

इस समय देश में 71 पटसन मिलें हैं, पांच पटसन मिलों का, जिनका प्रबन्ध सरकार द्वारा पहले अधिग्रहीत कर लिया गया था, 21 दिसम्बर, 1980 का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। राष्ट्रीयकृत मिलों के कार्यों की व्यवस्था के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय पटसन निर्माता निगम नामक एक सांविधिक संगठन स्थापित किया गया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 30 जून, 1981 तक 24 पटसन मिलों को 16.77 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की। इनमें से वर्ष 1980-81 के दौरान विद्यमान अधिकांश इकाइयों की प्रगति उद्योग की प्रवृत्ति के अनुकूल रही लेकिन असम, बिहार और पश्चिमी बंगाल की तीन पटसन मिलों के परिचालन परिणाम बिल्कुल असन्तोषप्रद रहे जिसका कारण कम उत्पादकता, तनावपूर्ण श्रमिक सम्बन्ध, आदि जैसे कुछ अतिरिक्त पहलू थे। जहां तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता से स्थापित की जा रही नई पटसन इकाइयों का सम्बन्ध है, उड़ीसा परियोजना का कार्य पूरा हो चुका था और जनवरी, 1981 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया था, जबकि त्रिपुरा परियोजना ने अपना स्कीम को अभी कार्यान्वित करना है।

कुछ पटसन मिलें, जिन्हें उदार ऋण योजना के अधीन सहायता मंजूर की गई थी, मशीनरी निर्माताओं द्वारा प्रोसेसिंग मशीनों के विलम्बित वितरण और बाजार में उच्च कोटि के अतिरिक्त पुर्जों के अभाव के कारण उस सहायता का लाभ नहीं उठा सकीं।

मानव-निर्मित रेशा उद्योग

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कृत्रिम रेशे और रेसिन्ज की श्रेणी की 39 परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जिससे उन्हें 52.44 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इनमें से अधिकांश संस्थाओं की वित्तीय प्रगति सन्तोषप्रद रही। अखिल भारतीय आंकड़ों की तुलना में औसत क्षमता उपयोग उचित रूप से सन्तोषजनक ही रहा अन्यथा यह पिछले वर्ष की स्थिति से बेहतर था।

मानव-निर्मित रेशे की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए और कीमतों में सन्तुलन लाने के लिए सरकार ने, वर्ष के दौरान कुछ उदार आयात नीति अपनाई जिसके अन्तर्गत विस्कोस/पोलिनोसिक रेशे विस्कोस/नाइलोन फिलामेंट धागे के आयात के लिए मुक्त सामान्य लाइसेंस पर अनुमति दी गई और वास्तविक उपयोक्ता को मूल सीमा शुल्क से छूट दी गई।

उर्वरक

देश में 32 बड़ी इकाइयों में अमिश्रित नाइट्रोजन, मिश्रित और फास्फेटीय उर्वरकों का विस्तृत मात्रा में उत्पादन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, 35 छोटी इकाइयां इकहरे सुपर फास्फेट का उत्पादन और 6 इकाइयां इस्पात संयंत्रों से उप-उत्पाद के रूप में अमोनिया सल्फेट का उत्पादन करती हैं। 1980-81 में नाइट्रोजन उर्वरक का उत्पादन 27.5 लाख टन के निर्धारित लक्ष्य की अपेक्षा 22 लाख टन होने की सम्भावना है। इस कमी के मुख्य कारण उर्वरक संयंत्रों में बिजली की भारी कमी और नेप्था, ईंधन तेल, आदि कच्चे माल की कमी तथा नई परियोजनाएं लगाने में विलम्ब हैं। वर्ष 1980-81 के दौरान क्षमता उपयोग नाइट्रोजन के लिए 56.2 प्रतिशत और इकहरे सुपर फास्फेट (पी२ ओ५) के लिए 68.1 प्रतिशत होने की संभावना है जो कि 1979-80 में नाइट्रोजन के लिए 66.2 प्रतिशत और पी२ ओ५ के लिए 67.3 प्रतिशत रहा।

मुख्य उर्वरकों की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और पहली नवम्बर, 1977 से तथा पहली फरवरी, 1979 से फास्फेटीय उर्वरकों के लिए लागू की गई नई धारणा मूल्ययोजना में रही। लेकिन सरकार ने कुल नियोजित पूंजी के आधार पर प्रतिदेय के उद्देश्य के लिए निवल मूल्य के गणन करने की पद्धति को बदलकर साधारण पूंजी और निर्मुक्त आरक्षित निधियों के जोड़ के अनुसार करना संशोधित कर दिया। पहली नवम्बर, 1977 से लागू की गई उर्वरक भाड़ा उप-सहायता योजना भी प्रचलन में रही।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 30 जून, 1981 तक 59.57 करोड़ रुपये से सत्तरह उर्वरक इकाइयों को सहायता प्रदान की थी। इनमें से गुजरात राज्य के सहकारी क्षेत्र की उर्वरक इकाई में पूर्ण वर्ष के लिए धारण मूल्य के प्रभाव के कारण लाभ में लगभग 33 प्रतिशत की कमी हुई जबकि पिछले वर्ष इसका प्रभाव 25 प्रतिशत था। गुजरात के अन्य दो उर्वरक संयंत्र, एक सहकारी क्षेत्र में और दूसरा निगमित क्षेत्र में वर्ष के दौरान कार्यान्वित होने जा रहे थे। उत्तर प्रदेश की उर्वरक इकाई की प्रगति संतोषजनक रही, केवल लगभग 3 महीने के लिए असम से कच्चे तेल की सप्लाई रुक जाने से बरौनी रिफाइनरी में उत्पादन के बन्द हो जाने की वजह से नेप्था के सम्भरण में अवरोध के कारण यह संयंत्र बन्द रहा। इस अवधि के दौरान इकाई का क्षमता उपयोग कम होकर 44 प्रतिशत रहा, लेकिन संभरण के पुनः आरम्भ हो जाने के बाद इसमें लगभग 99 प्रतिशत सुधार हो गया। महाराष्ट्र की एक वित्तपोषित इकाई की प्रगति में, इसके प्रबंध में संस्थानों द्वारा किए गए परिवर्तन से काफी सुधार हुआ। तलोजा में स्थापित की जा रही एक अन्य इकाई कार्यान्वित की जा रही है। तमिलनाडु की एक इकाई में, बिजली की कमी, आदि के बावजूद अमोनिया, यूरिया और डाई-अमोनिया फास्फेट के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई जो संयंत्र के आरम्भ से लेकर प्राप्त उच्चतम उपलब्धि है। राज्य में अमोनिया क्लोराइड (उर्वरक के रूप में प्रयोग किया जाने वाला) का निर्माण करने वाली एक अन्य प्रमुख इकाई अभी तक कार्यान्वयन अवस्था में थी। कर्नाटक की एक उर्वरक इकाई का क्षमता उपयोग बिजली की अनुपलब्धता के कारण अत्यधिक कम रहा जिसके फलस्वरूप इकाई पूर्ण रूप से बन्द रही। संयंत्र में असंतुलन की स्थिति तथा श्रमिक समस्या से भी इस इकाई की और अधिक संकटपूर्ण स्थिति हुई, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1979 में प्राप्त लाभप्रद स्थिति के मुकाबले भारी हानि हुई।

अकार्बनिक रसायन

प्रमुख अकार्बनिक रसायनों अर्थात सोडा एश, कास्टिक सोडा, कैलशियम कार्बाइड, कार्बन ब्लैक, लाल फासफोरस, पोटाशियम क्लोराइड और तरल क्लोरिन के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में केवल तरल क्लोरीन और पोटाशियम क्लोरेट को छोड़कर गिरावट आई। कास्टिक सोडा का निर्माण करने वाली संस्थाओं, जिन्होंने सूचना दी है, का औसत क्षमता उपयोग वर्ष के दौरान उद्योग की 73 5 प्रतिशत प्रगति के मुकाबले 74 9 प्रतिशत था। तरल क्लोरीन का निर्माण करने वाली इकाइयों का क्षमता उपयोग 59 2 प्रतिशत था जबकि अखिल भारतीय आंकड़ों के अनुसार यह 50 8 प्रतिशत था। वर्ष 1980-81 में कार्बन ब्लैक इकाइयों का क्षमता उपयोग पिछले वर्ष 91 6 प्रतिशत की तुलना में 65 1 प्रतिशत था।

सीमेंट

पहली नवम्बर, 1980 की स्थिति के अनुसार सीमेंट की विस्थापित क्षमता 257-5 लाख टन थी। छठी पंचवर्षीय योजना अर्थात 1984-85 के अन्त तक सीमेंट की विस्थापित क्षमता बढ़कर 430 लाख टन हो जाने की संभावना है जिसमें से 38 3 लाख टन के 1980-81 तक कार्यान्वित हो जाने की संभावना है।

1980-81 में सीमेंट का उत्पादन, 1979-80 में 176 लाख टन के मुकाबले 186 लाख टन हुआ जो मामूली संशोधित था लेकिन वर्ष 1978 में प्राप्त 194 लाख टन से अभी भी कम था। क्षमता उपयोग 72 प्रतिशत के लगभग रहा जिसका कारण विशेषत 1980-81 के मध्य तक बिजली, कोयला और रेल परिवहन की कमी थी।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की वित्तपोषित इकाइयों की प्रगति देश में प्रचलित सामान्य प्रवृत्ति के अनुसार उल्लेखनीय नहीं थी। उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित एक इकाई का क्षमता उपयोग समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पिछले वर्ष के 66 प्रतिशत से कम होकर 53 प्रतिशत रह गया। पूर्वी क्षेत्र में बिहार तथा मेघालय में स्थित इकाइयों की स्थिति असन्तोषजनक बनी रही। फिर भी, ए सी सी की तथा देश के दक्षिणी भाग में स्थित सीमेंट इकाइयों का कार्य पूर्णरूप से सन्तोषप्रद था। वर्ष के दौरान, प्रतिदिन 1100 टन सीमेंट की क्षमता वाली एक इकाई ने आन्ध्र प्रदेश में उत्पादन आरम्भ कर दिया और उसके कार्य के सन्तोषप्रद होने की सूचना मिली है। जहां तक विभिन्न छोटे सीमेंट संयंत्रों, जिन्हें समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा सहायता प्रदान की गई थी, का सम्बन्ध है, परियोजनाओं को कार्यान्वित किए जाने की सूचना मिली है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सरकार ने, निवेशों की लागत में वृद्धि के कारण उद्योग की क्षतिपूर्ति के लिए सीमेंट की धारण कीमतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरान्त 3 मई, 1980 से सीमेंट की धारण कीमतों में 13 65 रु प्रति टन की वृद्धि की अनुमति दी गई। इसके अतिरिक्त सरकार ने, 23 जुलाई, 1981 से सीमेंट की धारण कीमत को 34 74 रु प्रति टन बढ़ाने का निर्णय लिया। सीमेंट संयंत्रों के सामने में सरकार ने उसके द्वारा लगाए गए अन्तरिक्ष उपयोग के लिए शक्ति संयंत्रों के अतिरिक्त इन संयंत्रों द्वारा विस्थापित जनरेटर सेटों पर भी उप-सहायता योजना लागू करने का निर्णय किया।

सरकार ने छोटे सीमेंट संयंत्रों की स्थापना के लिए निर्देशक सिद्धान्त भी बनाए हैं जिनसे यह सुनिश्चित है सके कि ये संयंत्र मुख्यत दूर-दूर तक विस्तृत क्षेत्रों में और उन स्थानों पर, जहां बड़े सीमेंट संयंत्र स्थापित करना व्यवहार्य न हो, चूना पत्थर के भण्डारों का उपयोग करने के लिए स्थापित किए जाएं।

कागज

पहली जनवरी, 1980 की स्थिति के अनुसार संगठित क्षेत्र में कागज और गत्ते का निर्माण करने वाली 121 इकाइयां हैं जिनकी विस्थापित क्षमता प्रतिवर्ष 15 38 लाख टन है। सम्भावना है कि विस्थापित क्षमता 1984-85 में 15.38 लाख टन की वर्तमान विस्थापित क्षमता से बढ़कर 19 12 लाख टन हो जाएगी। वर्ष 1980-81 के दौरान उत्पादन लगभग 11 00 लाख टन था जिसमें 71 5 प्रतिशत क्षमता उपयोग हुआ।

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 86 कागज और गत्ते की इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जो कुल 104 65 करोड़ रुपये थी। उद्योग की सामान्य प्रवृत्ति के अनुरूप निगम द्वारा वित्तपोषित परिचालित इकाइयों की प्रगति मामूली रही लेकिन सुधार के लक्षण दिखाई पड़े। बिजली की कमी के बावजूद अधिकांश इकाइयों के क्षमता उपयोग में पिछले वर्ष की प्रगति की तुलना में वृद्धि हुई। फिर भी, आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की कुछ इकाइयों को घाटे में चलने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा और वित्तीय संस्थानों के लिए समस्या उत्पन्न हो गई।

वर्ष के दौरान सरकार ने इन उद्योगों में नए निवेशों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से कागज उद्योग को उत्पादन शुल्क में रियायत देने की घोषणा की। बांस तथा अन्य प्रकार की लकड़ी की लुगदी से कागज बनाने वाली नई बड़ी एकीकृत लुगदी और कागज मिलों, जिन्होंने पहली अप्रैल, 1979 से 31 मार्च, 1984 के दौरान पहली बार उत्पादन आरम्भ किया या करेंगी, द्वारा निर्मित लेखन और छपाई के कागज को, ऐसे कागज पर लागू उत्पादन शुल्क की दरों में 50 प्रतिशत की सीमा तक छूट दी जाएगी। लेकिन, इस योजना के अन्तर्गत किसी कागज इकाई को दी गई छूट की कुल राशि, उसमें लगाए गए संयंत्र और मशीनरी पर किए गए प्रारम्भिक निवेश के 30 प्रतिशत तक सीमित होगी।

टायर और ट्यूबों सहित रबर सामान उद्योग

इस उद्योग ने रबर से बनाई गई सभी महत्वपूर्ण मदों में व्यवहारिक रूप से आत्म-निर्भरता प्राप्त कर ली है और इसके अन्तर्गत अनेक उत्पादन आते हैं जैसे आटोमोबाइल टायर और ट्यूबें, फुटवियर, बी-बेल्ट, विभिन्न प्रकार की रबर की नलियां, रेलवे फिटिंग्स, आटोमोबाइल रबर पुर्जे, कृत्रिम रबर बिछौना और एप्रेन, सर्जिकल और औद्योगिक रबर और पी वी सी कनवेयर बेल्टिंग्स, आदि। इस समय देश में रबर के सामान के उत्पादन में लगी 106 इकाइयां शामिल हैं।

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने टायर और ट्यूबों सहित रबर उद्योग की 24 इकाइयों को कुल मिलाकर 32 90 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की, जिनकी प्रगति वर्ष के दौरान पूर्णत सन्तोषप्रद रही। लेकिन समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोयला और बिजली की कमी तथा श्रमिक समस्याएं उद्योग की प्रगति में मुख्य बाधक बने रहे।

वर्ष के दौरान सरकार ने, रबर के सामान का निर्माण करने वाले उद्योग के लिए उत्पाद शुल्क में रियायत की घोषणा की जिसके अन्तर्गत ऐसी इकाइयां जिन्होंने पहली अप्रैल, 1976 को या उसके बाद लेकिन पहली अप्रैल, 1984 से पहले टायरों

का निर्माण आरम्भ कर दिया हो या आरम्भ करेगी, नई उत्पाद शुल्क राहत योजना के लाभों की, अपनी-अपनी इकाइयों में टायरों की पहली बार उत्पाद शुल्क निकासी की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए पात्र होंगी। इकाई के उत्पादन शुल्क में राहत लाने वाले शुल्क के 25% की दर से होगी और यह प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रारम्भिक लाइसेंस क्षमता के 75% तक सीमित रहेगी बशर्ते कि यह सम्बन्धित इकाई में लगाये गये संयंत्र और मशीनरी के प्रारम्भिक निवेश का अधिकतम 30% होगी।

धातु उद्योग

इस शीर्ष के अन्तर्गत लौह समूह के उद्योगों में लोहा और उत्पात, ढलवां लोहा, इस्पात की सिल्लियां और नर्म लोहे की ढलवां वस्तुएं, इस्तात की ढलवां और गढ़ी हुई वस्तुएं, छोटे इस्पात संयंत्र, रोलिंग मिल्स, ढलवां लोहे की बढ़ी हुई पाइपें, इस्पात निर्मित ढलवां वस्तुएं, आदि शामिल हैं। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने इस समूह की 87 इकाइयों को 76.63 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जिसमें इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं., टाटा आयरन एण्ड स्टील कं. और अनेक छोटे इस्पात संयंत तथा फोर्जिंग और रि-रोलिंग इकाइयां शामिल हैं। इन उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए उपायों के कारण इन इकाइयों की प्रगति पिछले वर्ष की प्रगति के मुकाबले पूर्णतः सन्तोषप्रद रही। उदाहरण के लिए, वर्ष 1979-80 में छोटे इस्पात संयंत्रों को दी गई रियायतों के अतिरिक्त सरकार ने, वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की पिघलने वाली कतरनों तथा जहां कहीं आवश्यकता हो, स्पंज लोहे के प्रत्यक्ष आयात की अनुमति देकर और राहत दी। आन्ध्र प्रदेश के कोठागुडम स्थित स्पंज लोहा संयंत्र ने भी उत्पादन शुरू कर दिया और उत्पाद को प्रयोग करने वाली भट्टियों से प्राप्त रिपोर्टें भी काफी सन्तोष जनक थीं। देश में उत्पादित स्पंज लोहे के प्रयोग के माध्यम से बिजली की चाप भट्टियों के उत्पादों को भी उत्पाद शुल्क में उसी दर से राहत दी गई जिस पर कि मेल्टिंग स्क्रैप/आयातित स्पंज लोहे की बिजली चाप भट्टियों को प्रदान की जा रही थी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं में से टिन प्लेट इकाइयों को छोड़कर इस्पात की पत्तियां, लोहे मिश्र, इस्पात की तारें और ढलवां वस्तुओं आदि का निर्माण करने वाली इकाइयों की प्रगति काफी अच्छी रही और वर्ष की अवधि के दौरान अपनी वचनबद्धताएं सामान्यतः पूरी कर सकें।

औद्योगिक मशीनरी

इस शीर्षक के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित मुख्य इकाइयां हैं वस्त्र मशीनरी, चीनी मिल मशीनरी, सीमेंट मशीनरी, कागज मशीनरी और अन्य विविध मदें जैसे टूल्स, गियर्स, रोलर्स, बियरिंगस आदि। 30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 83 इकाइयों को 54.47 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की। काम कर रही वित्तपोषित इकाइयों की प्रगति की स्थिति मिली-जुली रही। हालांकि कुछ इकाइयों के परिणाम सन्तोषप्रद रहे, अन्य मामलों में प्रगति निराशाजनक रही जिसके मुख्य कारण थे, श्रमिक असन्तोष, बिजली की कमी, प्रबन्ध समस्याएं, कुछ उत्पादों की बाजार में कमी के अतिरिक्त कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि। पूर्वी क्षेत्र और महाराष्ट्र की कुछ इकाइयां बन्द रहीं और उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रयास किए गए। फिर भी, वस्त्र मशीनरी उद्योग के उत्पादन में, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के दौरान औसतन लगभग 26 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई। इसी प्रकार, मशीन टूल्स उद्योग में भी पिछले वर्ष से लगभग 12 प्रतिशत अधिक प्रगति हुई।

बिजली मशीनरी

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने इस उद्योग की 64 इकाइयों को 40.36 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की थी जिसमें पंखों, मोटरों, जी. एल. एस. लैम्पों, फ्लोरेसेंट ट्यूब लैम्पों, ड्राई बैटरी सैलों, तारों और केबलों, फिलामेंट, वेल्डिंग इलैक्ट्रोडस, बैटरियां, ट्रांसफार्मर्स, स्विच गियर्स, आदि का निर्माण शामिल है। उद्योग के क्षमता उपयोग में पिछले वर्ष से अत्यधिक सुधार हुआ और इसे सर्वतोमुखी अनुकूल प्रवृत्तियां प्राप्त हुई। केवल कुछ क्षेत्रों अर्थात् केरल और तमिलनाडु में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की वित्तपोषित इकाइयों ने प्रगति नहीं की, अन्यथा कुछ मामलों में उत्पादन पूर्ण रूप से लाइसेंस प्राप्त क्षमता से भी अधिक हो गया था।

आटोमोबाइल उद्योग

देश में विभिन्न प्रकार के वाहनों का निर्माण करने वाली 43 इकाइयां हैं और कृषि ट्रैक्टर तथा पावर टिलरों का निर्माण करने वाली 18 इकाइयां हैं। समग्र उद्योग को विभिन्न क्षेत्रों में बांटा गया है उदाहरणार्थ व्यवसायिक वाहन, यात्री कार, जीप, मोटर साइकिल, स्कूटर, तिपहिया स्कूटर, मोपेड, आदि और इसके साथ कृषि ट्रैक्टर व पावर-टिलर। पावर टिलरों को छोड़कर वर्ष 1980 के दौरान लगभग सभी प्रकार के वाहनों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। अधिकतम वृद्धि मोपेड और दो पहिए वाले स्कूटरों के निर्माण में हुई तथा यात्री कारों के निर्माण में मामूली वृद्धि हुई। उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद, विभिन्न निवेशों की बढ़ी हुई लागतों के कारण उद्योग को सन्तोषजनक वित्तीय परिणाम प्राप्त नहीं हुए। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित स्कूटर इकाइयों की स्थिति घाटे में बनी रही और पावर टिलर इकाइयों की भी यही स्थिति थी। ट्रैक्टर इकाइयों को, उनकी कीमतों में वृद्धि के कारण बाजार समस्या का सामना करना पड़ा। केवल मोपेडों के उत्पादन की स्थिति सुस्थिर रही और उनकी मांग में भी वृद्धि हुई।

अध्याय–5

ऋणों की पुनर्अदायगी की प्रगति

निम्नलिखित, 8 और 9 सारणियों में वे राशियां दिखाई गई हैं, जो पिछले पांच वर्षों के अन्त में ब्याज और मूलधन की अदायगी के रूप में लेनी थीं, और जो राशियां वसूल हुई थीं। इनमें प्रत्येक वर्ष के अन्त में चूक की राशियों का ब्योरा भी दिया गया है।

सारणी—8

ब्याज की वसूली

(रुपये, करोड़ों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ब्याज	वर्ष के दौरान ब्याज की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	प्रतिशत वसूली	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम*
1777	244.57	10.66	21.30	31.96	18.17	56 8%	12.11
1978	284.70	12.11	25.83	37.94	20.82	54.8%	15.06
1979	328.30	15.06	31.65	46.61	26.14	56.0%	15.32
1980	370.67	15.52	36.16	51.48	29.42	57.1%	18.75
1981 . . .	442.85	18.75	47.67	66.42	38.77	58.3%	17.68

*इसमें वे राशियां शामिल नहीं है, जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता।

सारणी—9

मूलधन की पुनर्अदायगी

(रुपये, करोड़ों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण*	वर्ष के प्रारम्भमें मूलधन की देय रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	प्रतिशत वसूली	वर्ष के दौरान मूलधन की अदायगी में चूक से बकाया रकम**
1977	244.57	11.37	24.39	35.76	18.54	51.8%	14.70
1978	284.70	14.70	25.32	40.02	18.28	45.6%	21.15
1979	328.30	21.15	29.87	51.02	21.85	42.8%	25.30
1980	370.67	25.30	36.84	62.14	22.65	36.4%	32.79
1981	442.85	32.79	44.65	77.44	32.72	42.2%	35.83

*इसमें बकाया ऋण शामिल नहीं हैं जिनकी किस्ते अदायगी में चूके होने के कारण आस्थगित कर दी गई है और जिनकी गारंटी निगम ने दी थी और इसलिए निगम को उन्हें अदा करना पड़ा। ऐसे ऋणों और उनके ब्याज का ब्योरा सारणी 10 में दिया गया है।

**इसमें वे राशियां शामिल नहीं है जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता।

***वदेशी मुद्रा उप-ऋणों को 30 जून, 1981 को लागू टेलीग्राफिक अन्तरण विक्रय दरों पर संपरिवर्तित किया गया।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा पिछले पांच वर्षों में दी गई और पूरी की गई आस्थगित अदायगी गारंटियों की किस्तों की अदायगी में चूकों और उन पर देय ब्याज और अन्य प्रभारों का ब्योरा सारणी 10 में दिया गया है।

सारणी—10

निगम द्वारा आस्थगित अदायगियों के लिये दी गई गारंटी की बकाया रकमें

(रुपये, करोड़ों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बाकी दारी की रकम	वर्ष के दौरान बाकी दारी की रकम	जोड़	वर्ष के दौरान वसूलियां	प्रतिशत वसूली	वर्ष के अन्त में देय बाकी दारी की रकम
1777 . . .	1.21	0.26	1.47	0.09	0.06%	1.38
1978 . . .	1.38	0.36	1.74	0.10	0.05%	1.64
1979 . . .	1.64	0.21	1.85	0.07	0.04%	1.78
1980 . . .	1.78	0.06	1.84	0.16	0.08%	1.68
1981 . . .	1.68	0.09	1.77	—	—	1.77

स्पष्ट है कि 30 जून, 1981 को 548 01 करोड रुपये के कुल बकाया रुपया तथा विदेशी मुद्रा ऋणा में ब्याज की 18 29 करोड रुपये की चूकें थीं जो कुल ऋणो का 3 4% है, ये चूकें पिछले वर्ष 4 2 प्रतिशत थीं। उपरिलिखित 18 29 करोड रुपय की राशि में कुछ वित्तपोषित सस्थाओ द्वारा वर्ष के दौरान की गई चूक शामिल नहीं है जिनकी साख स्थिति बहुत सन्तोषजनक नहीं थी, जैसा कि लेखे के साथ सलग्न टिप्पणिया में उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त चूकों में 37 37 करोड रुपये की मूलधन राशि बकाया ऋणा अर्थात् 548 01 करोड रुपय का 6 8 प्रतिशत है जो कि पिछले वर्ष 7 4 प्रतिशत था।

पुनर्अदायगी की समग्र स्थिति

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा किए गए उत्साहवर्द्धक प्रयासो के परिणामत वर्ष के दौरान मूलधन और ब्याज की प्रतिशत वसूली में क्रमश 3 प्रतिशत और 8 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समग्र तैंतीस वर्ष की अवधि, अर्थात् 1948--81 के दौरान पुनर्अदायगी/अदायगी के लिए देय मूलधन और ब्याज की कुल राशि 661 91 करोड रुपये थी और मूलधन तथा ब्याज दोनो खातो में, अतिदेय अदायगिया में सशोधन करने के समायोजन के बाद सचयी-ऋण वसूली अनुपात 88 8 प्रतिशत रहा।

चूकों का उद्योगवार विश्लेषण

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार चूको का उद्योगवार ब्योरा तथा पिछले वर्ष के तुलनात्मक आकड़ परिशिष्ट "ढ" में दिए गए हैं।

वर्ष के दौरान एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि चूक करने वाली सस्थाओ की सख्या 30 जून, 1981 को कम होकर 258 रह गई जो कि 30 जून, 1981 को 296 थी। इस प्रकार चूको की राशि कुल बकाया ऋणा का 10 2 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष 11 6 प्रतिशत थी। यह भी उल्लेख किया जा सकता है कि हालाकि कुल 755 ऐसी सस्थाओ के मुकाबले जिन पर ऋण बकाया थ 30 जून, 1981 को 258 सस्थाएं चूक में थीं इसमें कुछ ऐसे 37 टढ़े मामले भी थे (राष्ट्रीयकृत की गई अथवा उद्योग (विकास विनियमन) अधिनियम के अधीन अधिकृत की गई इकाइयो सहित) जिनमें "अन्य बातो के साथ-साथ" काफी पुनर्गठन और/अथवा पुन सयोजन आवश्यक समझा गया।

पुनर्स्थापन सहायता

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम वित्तपोषित रुग्ण इकाइया के गहन अनरक्षण और उनके पुनर्स्थापन के सम्बन्ध में सक्रिय भाग लेता रहा है।

सम्भावित व्यवहार्य इकाइया के लिए पुनर्स्थापन योजनाए इस प्रकार बनाई गई कि कुछ राहता और रियायता के अनुदान से वे उपयुक्त अवधि में काफी प्रगति कर सकें और सामान्य शर्तों पर उधारों की अदायगी करने में समर्थ हो सकें। इन कार्यों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को उपयुक्त मामला में केन्द्रीय और राज्य-सरकारों के साथ साथ भागीदारी सस्थानो और वाणिज्यिक बैंको की सहायता और सहयोग की आवश्यकता है।

वित्तीय सस्थानो द्वारा तैयार की गई पुनर्स्थापन योजनाओ के अनुसार, स्कूटर निर्माण करने वाली एक इकाई ने अपने कार्य-निष्पादन में काफी सधार किया तथा दो स्कूटर इकाइयो को स्वस्थ इकाइयो के साथ मिलाने के प्रस्तावो का वित्तीय सस्थानो द्वारा अनुमोदन कर दिया है और इस व्यवस्था को विधिसम्मत बनाने के लिए कानूनी कार्यवाही की जा रही है। एक बडी स्कूटर इकाई, जिसमें केन्द्रीय सरकार का बहुत बड़ा जोखिम है, के मामले में वित्तीय पुनर्निर्माण कार्य सरकार के विचाराधीन है।

पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि बिजली के बल्बो, ट्यूब लाइटो, आदि का निर्माण करने वाली एक इकाई में व्यावसायिक प्रबन्ध आरम्भ करके सफलतापूर्वक पुनर्स्थापित किया गया था। वर्ष के दौरान, इस इकाई ने अत्याधिक उन्नति की और इसने न केवल सम्पूर्ण अतिदेय ब्याज और अतिदेय मूलधन के प्रमुख भाग की अदायगी कर दी अपितु, अब इस स्थिति में हो गई है कि निर्धारित अवधि से कम समय में बकाया ऋणो को पुनर्अदा कर सके। पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया था कि इलैक्ट्रिकल उद्योग की दो रुग्ण इकाइयो को स्वस्थ इकाइयो के साथ मिलाकर पुनर्स्थापित किया गया था। वर्ष के दौरान, एक इकाई ने अपनी अतिदेय राशियो के सम्बन्ध में अपनी वचनबद्धता को पूरा करना आरम्भ कर दिया तथा दूसरी इकाई ने भी अपने कार्यों में काफी सुधार किया और अपनी वचनबद्धताए पूरी करनी आरम्भ कर दी। उपर्युक्त सभी इकाइया अब आधुनिकीकरण/विशाखन कार्यक्रमो के अन्तर्गत कार्यरत हैं।

वर्ष के दौरान, रेडियो, ट्रांजिस्टर और इलैक्ट्रानिक उपस्कर का निर्माण करने वाली एक इकाई को स्वस्थ इकाई के साथ मिलाने के सम्बन्ध में उच्च न्यायालय का अनुमोदन प्राप्त हो गया था और इस मामले में अतिदेय राशियो की पुनर्अदायगी की, आयकर अधिनियम की धारा 72 क के अधीन मिलाई गई सस्था को कर लाभ प्राप्त होने के बाद, आरम्भ होने की सम्भावना है।

खनन उद्योग में लगी दो इकाइयो में से ताबा खनन कार्य में लगी एक इकाई के मामले में वर्ष के दौरान पुनर्स्थापन योजना तैयार की गई। दूसरी इकाई भारत सरकार को सौप दी गई तथा इसे स्टील अथारिटी आफ इण्डिया लि के साथ मिला दिया गया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम दूसरी इकाई के सम्बन्ध में स्टील अथारिटी आफ इण्डिया लि के साथ सपर्क बनाए हुए है।

पिछले तेरह वर्ष से बन्द पडी इस्पात की ढलवा वस्तुओ का निर्माण करने वाली पूर्वी क्षेत्र की एक इकाई की पुनर्स्थापना के लिए वित्तीय सस्थानो द्वारा सयुक्त रूप से मजूर कर दी गई है। उत्तरी क्षेत्र में इस्पात की ढलवा वस्तुओ का निर्माण करने वाली एक और इकाई को भी प्रबन्ध/नियन्त्रण में परिवर्तन करके पुनर्स्थापित किया जा रहा है। टिन प्लेटों का निर्माण करने वाली एक इकाई का, उसी क्षेत्र की एक बडी इकाई में विशेषता प्राप्त करके पुनर्स्थापन कार्य आरम्भ किया जा रहा है। वर्ष के दौरान ग्राइन्डिंग मीडिया के निर्माण में लगी एक इकाई को एक स्वस्थ इकाई के साथ मिलाकर पुनर्स्थापित किया गया।

गोल खम्भा के निर्माण में लगी सयुक्त क्षेत्र की एक इकाई, जिसके निर्माण में काफी विलम्ब हो चुका था, को प्रबन्ध में परिवर्तन करके पुनर्स्थापित किया जा रहा है। प्रबन्ध में परिवर्तन करके ड्राई सैल बैटरी का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ष के दौरान, पावर टिलरो के निर्माण में लगी एक इकाई ने काफी प्रगति की। जिसके परिणामस्वरूप, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने इससे, चालू देय राशियो के अतिरिक्त इसके अतिदेय ब्याज की राशि का प्रमुख भाग वसूल कर लिया।

चार इकाइयो में से उन तीन इकाइयो में परिसम्पत्तिया की बिक्री, अब पूरी हो चुकी है, जिनमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा, 30 के अन्तर्गत पहले रिसीवर

नियुक्त किए गए थे। चौथी इकाई के मामले में वर्ष के दौरान न्यायालय द्वारा प्राप्त प्रस्ताव परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन से, काफी कम थे और इसलिए न्यायालय से अनुरोध किया जा रहा है कि इस संबंध में पुनः विज्ञापन दिया जाए ।

वस्त्र इकाइयों के मामले में अनेक संस्थाओं ने, वर्ष के अधिकांश समय में समग्र उद्योग की बेहतर लाभप्रदता के कारण अत्याधिक प्रगति की। लेकिन, सहकारी क्षेत्र की वस्त्र इकाइयों के सम्बन्ध में, जिनमें अधिक सुधार नहीं हुआ, चूकों के खत्म करने के लिए सम्बन्धित राज्य सरकारों की मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए प्रयास किए गए।

चीनी उद्योग की रुग्ण इकाइयां गन्ने की कमी के कारण प्रभावित होती रहीं। फिर भी, चीनी की चार इकाइयों के सम्बन्ध में पुनर्संरचना योजनाओं के कार्यान्वयन के अनुरूप पिछली देय राशियों की वसूली दो मामलों में पूर्णतः और शेष दो मामलों में अंशतः कर ली गई थी। विमुक्त बिक्री चीनी कीमतों में वृद्धि के कारण कुछ अन्य इकाइयों ने भी वित्तीय संस्थानों को अनिदेय राशि की अदायगी करनी आरम्भ कर दी।

रसायन उद्योग समूह के अन्तर्गत कास्टिक सोडा, तरल क्लोरीन, हाइड्रोक्लोराइड एसिड, आदि का निर्माण करने वाली एक राज्य सरकार इकाई ने वर्ष के दौरान अपनी प्रगति में सुधार किया और वित्तीय संस्थानों को चूक ब्याज की राशि पुनर्अदा करनी आरम्भ कर दी। कांच की बोतलों का निर्माण करने वाली एक अन्य इकाई के कार्य में प्रगति हुई और इसने अपनी देयराशियों की अदायगी करनी आरम्भ कर दी।

पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि चमकीले कागज का निर्माण करने वाली एक कागज यूनिट का प्रबन्ध एक अन्य सुप्रतिष्ठित इकाई को, उसमें उसका विलय होने तक सौंप दिया गया था। वर्ष के दौरान उच्च न्यायालय ने मिलान का अनुमोदन कर दिया है और संस्थानों की चूकों की शीघ्र ही बेबाक किए जाने की सम्भावना है। वर्ष के दौरान दो अन्य कागज इकाइयां कठिनाई में पड़ गईं और इन्हें बन्द करना पड़ा। उन इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

विदेशी टेक्नोलाजी पर आधारित रबर रसायन का निर्माण करने वाली एक इकाई को उच्च न्यायालय के अनुमोदन से एक बैनड समूह की स्वस्थ इकाई के साथ मिला दिया गया। अनुमोदित योजना के अनुसार संस्थानों द्वारा दी गई रियायतें और राहतें समाप्त हो जायेंगी तथा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को इसकी देय राशियों की पुनर्अदायगी प्रारम्भिक करार के अनुसार प्राप्त होती रहेंगी।

वर्ष के दौरान, पूर्वी क्षेत्र में स्थित फर्मास्यूटिकल उत्पादों और बाइसिकलों का निर्माण करने वाली दो इकाइयों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। संबंधित अधिनियमों के अन्तर्गत प्रदान की गई क्षतपूर्ति राशि, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की देय राशि को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी, अतः निगम ने दोनों मामलों में अपने दावों को अदायगी आयुक्तों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

होटल इकाइयों में से, हिमाचल प्रदेश के एक बन्द पड़े होटल ने वर्ष के दौरान प्रवर्तकों के एक नए समूह के संभालने से अपना परिचालन पुनः आरम्भ कर दिया । जिसके परिणामतः भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने इससे देय राशियों की अंशतः वसूली कर ली। बिहार के एक अन्य होटल को पुनर्स्थापित करने के लिए, होटल सम्पत्ति को एक सुप्रतिष्ठित संस्था को पट्टे पर देकर और पट्टा किराये के मूल्य भाग को देय राशियों की पुनर्अदायगी के लिए उपयोग करके प्रयास किए जा रहे हैं। मद्रास में पिछले छह वर्ष से अधरी पड़ी एक होटल परियोजना को भी वर्ष के दौरान इसमें नए प्रवर्तक समूह का समावेश करके पुनर्स्थापित किया गया। यह होटल अब अंशतः चल हो गया है और इसने अपने परिचालन शुरू कर दिए हैं।

ऐसी इकाइयों के मामलों में जिनमें यह विचार किया गया था कि कुछ संशोधनात्मक उपायों सहित विस्तृत अनुरक्षण, संस्थानों की देय राशियों की प्राप्ति में उपयोगी रहेगा, उनके सम्बन्ध में अनुरक्षण तथा अनुवर्तन को विस्तृत किया गया। ऐसी इकाइयों से प्रगति रिपोर्टों, निरीक्षण रिपोर्टों, नामित सचालकों की रिपोर्टों, आदि के रूप में प्राप्त होने वाली रिपोर्टों को विस्तृत बना दिया गया और इनकी अवधि कम कर दी गई। संचालक बोर्ड भी समस्या मामलों और वसूली सम्बन्धी स्थिति पर नियमित रूप से विचार करता रहा और निर्णीत किए गए उपायों को अलग-अलग इकाइयों के पुनर्स्थापन और पुनर्जीवन के लिए अपनाया गया। जहां कहीं आवश्यक हुआ, ऐसी इकाइयों के अनुरक्षण का कार्य समवर्ती लेखापरीक्षकों, वित्त निदेशकों को नियुक्ति करके, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत, प्रबन्ध समितियों का गठन करके आश्वस्त किया गया, ताकि इनमें सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का समावेश हो सके। जिन वित्तपोषित परियोजनाओं के मामले में, तकनीकी, बाजार, गुणवत्ता नियंत्रण, आदि पहलू कमजोर थे, उनमें सलाहकारी, परामर्शदाताओं की नियुक्ति की गई। जिन मामलों में अन्य सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने पर भी सफलता नहीं मिली उनमें औद्योगिक वित्त अधिनियम की व्यवस्थाओं के अधीन अथवा अन्य रूप में विधिक कार्यवाही की गई, इन विधिक कार्यवाहियों के लगातार पैरवी की जा रही है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया था, बन्धक परिसम्पत्तियों की बिक्री न्यायालय के आदेश से ही पूरी की गई।

अध्याय—6

स्त्रोत और वित्तीय प्रबन्ध

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के स्त्रोतों में, इसकी शेयर पूंजी, बाड़ों के निर्गमन द्वारा बाजार से उधार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से ऋण, विदेशी वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण, दिए गए ऋणों की वसूलियां और इसके द्वारा धारित निवेशों की बिक्री/विमोचन निहित है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान स्त्रोतों की प्रगति के संबंध में निगम की स्थिति का निम्नलिखित अनुच्छेदों में उल्लेख किया गया है।

शेयर पूंजी

निगम की अधिकृत पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और यह 20 करोड़ रुपए रही। लेकिन, 2 फरवरी, 1981 को 5,000/- रुपये प्रति शेयर की दर से 5,000 (छठी सीरीज) शेयरों के निर्गमन से निगम की निर्गमित, अभिदत्त और प्रदत्त पूंजी 15 करोड़ रुपये से बढ़कर 17.50 करोड़ रुपये हो गई।

30 जून, 1981 को निगम के शेयरधारियों के चार वर्गों के बीच प्रदत्त शेयर पूंजी का वितरण निम्नानुसार था।

शेयरधारियों का वर्ग	शेयरों की संख्या	प्रदत्त मूल्य (रुपये, करोड़ों में)	कुल का प्रतिशत
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	17,500	8.75	50
अनुसूचित बैंक	7,067	3.53	20
बीमा संस्थाएं, आदि	7,501	3.75	22
सहकारी बैंक	2,932	1.47	8
जोड़	35,000	17.50	100

आरक्षित निधियां

30 जून, 1981 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभों में से 7.25 करोड़ रुपये के अन्तरण से और भारत सरकार से विशेष अनुदान में 0.31 करोड़ रुपये की सीमा तक हुई निवल वृद्धि से, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की आरक्षित निधियां, वर्ष के दौरान दातव्य आरक्षित निधि के उपयोग के नाते उसमें 0.20 करोड़ रुपये तक समायोजन करने के बाद, 32.77 करोड़ रुपये से बढ़कर 40.13 करोड़ रुपये हो गईं। 30 जून 1981 को आरक्षित निधियों का विवरण निम्नानुसार था:—

निधि	राशि (रुपये, करोड़ों में)
सामान्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त नियम अधिनियम की धारा 32 के अधीन)	18.19
आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 क के अधीन)	1.00
दातव्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, की धारा 32 ख के अधीन)	0.66
विशेष आरक्षित निधि (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अधीन)	19.38
भारत सरकार से विशेष अनुदान	0 90
कुल निधियां	40.13

उपर्युक्त आरक्षित निधियां प्रदत्त पूंजी से 22.63 करोड़ रुपये अधिक है।

बाड निर्गम

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, इसके स्त्रोतों को बढ़ाने और 8.33 करोड़ रुपए के 5-3/4 प्रतिशत बांड, 1980 के विमोचन के लिए वर्ष के दौरान बांडों के दो सर्वजनिक निर्गमा किए अर्थात 36.00 करोड़ रुपये के लिए 6.75 प्रतिशत बांड, 1992 (दूसरी सीरीज) 10 दिसम्बर, 1980 को तथा 21.75 करोड़ रुपये के लिए 7.25 प्रतिशत बांड, 1996, 10 जून, 1981 को जारी किए दोनों निर्गमन पूर्णत : अभिदत्त थे। निर्गमन की 10 प्रतिशत अनुज्ञेय राशि को मिलाकर 63.52 करोड़ रुपये के बांड आबंटित किए गए।

30 जून, 1981 को बाड निर्गमनों की निवल बकाया राशि 433.47 करोड़ रुपये थी।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से उधार

वर्ष के दौरान, उदार ऋण योजना के अन्तर्गत संवितरणों के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए 7.5 प्रतिशत तदर्थ बांड का निर्गम करके 20.00 करोड़ रुपये की राशि भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से प्राप्त की। इससे 30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से कुल उधार की राशि 45.00 करोड़ रुपये हो गई। 30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 2.00 करोड़ रुपये की पुनर्अदायगी करने के बाद 30 जून, 1981 को इस शीर्ष के अन्तर्गत निबल बकाया राशि 43.00 करोड़ रुपये थी।

केन्द्रीय सरकार से उधार

30 जून, 1980 को केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों की कुल राशि 29.04 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान, यद्यपि केन्द्रीय सरकार से और कोई ऋण नहीं लिया गया, जबकि सरकार को 15.89 करोड़ रुपये की राशि अदा की गई जिससे 30 जून, 1981 को बकाया राशि केवल 13.15 करोड़ रुपये रह गई।

जहां तक के. एफ. डब्ल्यू. ऋणों से पैदा होने वाली ब्याज अन्तर जन्य निधियों के अधीन ऋण का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से 0.71 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गई और इस खाते में 0.06 करोड़ रुपये की राशि अदा की गई। इस प्रकार, केन्द्रीय सरकार को देय ब्याज अन्तर निधियों से प्राप्त कुल ऋण की राशि 30 जून, 1981 को 3.69 करोड़ रुपये थी जबकि 30 जून, 1980 को यह राशि 3.04 करोड़ रुपये थी।

विदेशी मुद्राओं में उधार और विदेशी मुद्रा स्त्रोत

इस समय विदेशी मुद्रा में निगम के उधारों में के. एफ. डब्ल्यू द्वारा मंजूर किए गए जर्मन मार्क विदेशी मुद्रा ऋणों तथा बैंक फांसिस डु. कामर्स एक्सटीरियर द्वारा मंजूर किए गए उपस्कर ऋणों में से फ्रांसिस फ्रांक के ऋण शामिल हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जर्मन मार्क विदेशी मुद्रा ऋणों के अन्तर्गत 150 लाख जर्मन मार्क का एक और उन्नीसवां ऋण निगम को आबंटित किया गया। इस आबंटन से जर्मन मार्क ऋण की कुल राशि 2275 लाख जर्मन मार्क हो गई, जिसमें से 30 जून, 1981 तक निगम द्वारा कुल 2170 लाख जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए जा चुके थे। जर्मन मार्क ऋण पूर्णत: संपरिवर्तनीय हैं और पूंजीगत माल, इंजीनियरिंग जानकारी और सेवाओं, आदि के आयात के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।

सरकार ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को जर्मन मार्क उप-ऋणियों से प्राप्त हुई रकमों को विदेशी मुद्रा में बदलने की स्वीकृति दे दी है और यह के. एफ. डब्ल्यू. को अदा करने तक औद्योगिक संस्थाओं द्वारा किए गए आयात का वित्तपोषण करने के लिए उपयोग कर सकता है। जर्मन मार्क आवर्तन निधि की इस योजना के अधीन 30 जून, 1981 तक 320 लाख जर्मन मार्क तक के उप-ऋण मंजूर किए जा चुके थे।

30 जून, 1980 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को प्राप्त उपर्युक्त विदेशी मुद्रा ऋणों की बकाया राशि, भूतपूर्व विनियम समा-दर पर 21-96 करोड़ रुपये थी। 30 जून, 1981 को प्रवर्तनमान तार अन्तर विक्रय दरों पर इन उधारों की राशि 39.32 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, 5.31 करोड़ रुपये के समकक्ष राशि प्राप्त की गई और 2.25 करोड़ रुपये (30 जून, 1981 को प्रवर्तनमान तार अन्तरण विक्रय दरों पर 2.12 करोड़ रुपये) के समकक्ष राशि अदा की गई, जिसके परिणामत: 30 जून, 1981 को विदेशी मुद्रा उधारों में बकाया राशि, 30 जून, 1981को प्रवर्तनमान तार अन्तरण विक्रय दरों के आधार पर 42.51 करोड़ रुपये थी।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को आबंटित किए गए बी. एफ. सी. ई. उपस्कर ऋण की राशि 150 लाख फ्रांसिस फ्रांक थी। यह ऋण पूर्णत: प्राप्त हो चुका है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को भारत सरकार द्वारा इण्डो-स्वीडिश विकास सहयोग करार और और यू. के./भारत पूंजी निवेश ऋण/अनुदान के अन्तर्गत भी ऋण सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने इण्डो-स्वीडिश सहयोग करार, 1979 के अन्तर्गत प्रत्येक 500 लाख स्वीडिश क्रोनर के दो और ऋण उपलब्ध कराये हैं। इन आबंटनों से

निगम को उपलब्ध स्वीडिश क्रोनर ऋणों की कुल राशि 1750 लाख स्वीडिश क्रोनर हो गई, जिसमें से 30 जून, 1981 तक 1240 लाख स्वीडिश क्रोनर के उप-ऋण मंजूर किए जा चुके थे। ये आबंटन पूर्णतः संपरिवर्तनीय हैं और पूंजीगत माल एवं सेवाओं के आयात के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।

जहां तक यू. के./भारत पूंजी निवेश ऋण/अनुदान के अधीन आबंटनों का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान कोई और आबंटन नहीं किया गया और जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था, आबंटन 95 लाख पौंड पर स्थिर रहा। वर्ष की साप्ति तक इसमें से 70 लाख पौंड के उप-ऋण मंजूर किए जा चुके हैं।

स्वीडिश क्रोनर तथा पौंड स्टर्लिंग में प्रदान की जाने वाली सहायता वास्तव में रुपया ऋणों में "संपरिवर्तनीय" है (चूंकि इस व्यवस्था के अधीन भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से विदेशों में विदेशी मुद्राओं में अदायगी के स्थान पर केवल रुपये में अदायगी करने की अपेक्षा की जाती है), इन आबंटनों के अधीन उप-ऋणों का समग्र वित्तपोषण भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के रुपया स्त्रोतों से पूरा किया जा रहा है।

ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्अदायगी तथा प्रतिभूतियों की बिक्री/विमोचन

पूंजी और आरक्षित निधियों और उधारों के अतिरिक्त भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के वित्तपोषण कार्यों में इस मुख्य स्त्रोत, ऋणियों द्वारा ऋणों और/अथवा गारंटी दायित्वों के रूप में पुनर्अदायगी, प्रतिभूतियों का विमोचन तथा निवेश कार्यों के रूप में निवेशों की बिक्री है। समीक्षाधीन रिपोर्ट के वर्ष के दौरान उपर्युक्त के सम्बन्ध में कुल 35.5 करोड़ रुपये की आवतियां हुई जो कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के वर्ष 1980-81 के दौरान कुल स्त्रोतों का 19.3 प्रतिशत थी।

सारणी 11 में तीन वर्षों अर्थात 1978-79, 1979-80 और 1980-81 के दौरान निधियों के वित्तीय स्त्रोत और उपयोग तथा 1948 से 1981 (जुलाई-जून) तक के संचयी आंकड़ों का वितरण दिखाया गया है।

सारणी-11

निधियों के स्त्रोत और उपयोग

(रुपये, करोड़ों में)

	1978-79	1979-80	1980-81	1948-81
क. निधियों के स्त्रोत :				
आन्तरिक स्त्रोत				
1. शेयर पूंजी	2.50*	2.50	2.50	17.50
2. कराधान पूर्व लाभ	8.07	10.18	12.94	104.38
3. उधार लेने वालों द्वारा ऋणों की अदायगी	24.82	25.84	34.95	296.02
4. निवेशों की बिक्री/विमोचन	0.45	0.45	0.62	18.36
5. गारंटी दायित्वों के रूप में वसूली	0.07	0.16	--	4.99**
उप-जोड़	35.91 (32.1)	39.12 (23.6)	51.01 (27.7)	441.25 (36.6)
उधार :				
6. बांड जारी करके बाजार से	35.02	113.50	63.52	497.46
7. केन्द्रीय सरकार से	0.62	0.74	0.71	116.35
8. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से	15.00	--	20.00	45.00
9. कुछ ऋणों से संबंधित अधिकारों और हितों के हस्तांतरण द्वारा	--	--	--	9.98
10. विदेशी साख संस्थानों से :				
(क) संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी से अमरीकी डालर में ऋण	--	--	--	23.60
(ख) पश्चिमी जर्मनी के क्रेडिटानस्टाल्ट फर वाइडरफबाउ से जर्मन मार्क में ऋण	3.58	2.11	5.31	66.85
(ग) पेरिस के बैंक फ्रांसिस डू कामर्स एक्सटिरियर से फ्रांसिसी फ्रांक में ऋण	--	--	--	2.30
उप-जोड़	54.22 (48.5)	116.35 (70.1)	89.54 (48.7)	761.44 (63.1)
11. सरकार से विशेष अनुदान @	0.62 (0.5)	0.74 (0.4)	0.71 (0.4)	3.80 0(.3)
12. निवल विविध स्त्रोत	-- (--)	-- (--)	1.88 (1.0)	-- (--)
13. प्रारम्भ में नकदी और बैंक शेष	21.10 (18.9')	9.87 (5.9)	40.84 (22.2)	-- (--)
निधियों के स्त्रोत : जोड़	111.85 (100.0)	166.09 (100.0)	183.98 (100.0)	1206.49 (100.0)

*5.00 करोड़ रुपये की अतिरिक्त शेयर पूंजी के निर्गमन से संबंधित शेयर आवेदन मुद्रा।

**इसमें दो संस्थाओं से संबंधित 2.66 करोड़ रुपये और 1.22 करोड़ रुपये सम्मिलित हैं जो पुनर्स्थापना योजनाओं के अधीन क्रमशः ऋण और शेयरों में संपरिवर्तित करके निपटाये गये।

@के० एफ० डब्ल्यू० ऋण करारों की शर्तों के अधीन ब्याज अन्य अन्तर निधियों में से।

सारणी-11 (जारी)

(रुपये, करोड़ों में)

	1978-79	1979-80	1980-81.	1948-81
ख. निधियों के उपयोग :				
1. सहायता का संवितरण :				
(क) रुपया ऋण	62.66	82.77	105.63	698.61
(ख) विदेशी मुद्रा उप-ऋण	5 82	9 56	19.28	122.22
(ग) हामीदारी दायित्वों के रूप में औद्योगिक इकाइयों के शेयरों/डिबेंचरों में अभिदान	3.15	2.24	2 14	45.26
(घ) गारंटी दायित्वों के रूप में अदा की गई रकम	0.10	--	--	10.16
उप-जोड़	71 73	94.58	127.05	876.25
	(64.1)	(56.9)	(69 1)	(72.6)
2. वित्तपोषित संस्थाओं की शेयर पूंजी में संपरिवर्तित ऋण की राशि	1.22	0.93	1 98	6.98
	(1.1)	(0 6)	(1.1)	(05)
ऋणों की अदायगी :				
3. बांडों का विमोचन	6 13	8.25	8.33	63.99
4. केन्द्रीय सरकार को अदा किए गए ऋण	7 55	6 58	15.95	99.51
5. विदेशी साख संस्थानों से प्राप्त ऋणों की अदायगी	3.54	3.72	2 31	45.17*#
6. अन्य ऋणों की अदायगी	2.12	1.56	0 92	11 82
उप-जोड़	19.34	20.11	27 51	220 49
	(17.3)	(12.1)	(14.9)	(18.3)
अन्य उपयोग :				
7 वित्तीय/विकास संस्थानों की शेयर पूंजी/प्रारम्भिक पूंजी में अभिदान	0.34	0.03	0 09	1.24
8 प्रबन्ध विकास संस्थान को आबंटन	0.74	0.78	0 38	3.80
9 जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को आबंटन	0 45	0.93	0.13	2.17
10. आयकर के लिए व्यवस्था	3.53	5.39	4.56	46.61@
11. अधिलाभांश	0.65	0.94	1.12	10.62
12. निवल विविध उपयोग	3.98	1.56	--	18.17
उप-जोड़	9 69	9.63	6.28	82.61
	(8.7)	(5.8)	(3.4)	(6.8)
13 अन्त में नकदी और बैंक शेष	9.87	40.84	21.16	21.16
	(8.8)	(24.6)	(11 5)	(1.8)
निधियों का उपयोग जोड़	111.85	166.09	183.98	1206.49
	(100.0)	(110 0)	(100.0)	(100 0)

*30 जून, 1981 को प्रवर्तमान तार अन्तरण विक्रय दरों पर विदेशी ऋण संस्थानों को 49 95 करोड़ रुपये के ऋणों की पुर्न अदायगी की गई।

@वास्तव में अदा किया गया 42.88 करोड़ रुपये का आयकर सम्मिलित है।

टिप्पणियां : 1. विदेशी मुद्रा उप-ऋणों और विदेशी ऋण संस्थानों से उधारों के संवितरण 30 जून, 1981 को प्रवर्तमान तार अन्तरण विक्रय दरों पर दिखाये गये हैं।

2. कोष्ठकों में दी गई संख्यायें जोड़ के प्रतिशत का द्योतक हैं।

वित्तीय स्त्रोत आयोजन

30 जून, 1981 को, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा पूरी की जाने वाली बकाया वचनबद्धता की राशि 322.69 करोड़ रुपये थी। वित्तीय संस्थानों को, वित्तीय स्त्रोतों का, घरेलू बचतों, अन्य क्षेत्रों को पंचवर्षीय योजना में आबंटन और सार्वजनिक उधारों की समग्र सीमाओं को देखते हुए औचित्यपूर्ण उपयोग ही करना पड़ता है। लेकिन, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, अपनी बकाया वचनबद्धताओं और आगामी वर्ष के दौरान तैयार होने वाले नए प्रस्तावों के लिए वचनबद्धताओं को पूरा करने का विश्वस्त है। इस सम्बन्ध में निगम योजना आयोग और अन्य सम्बद्ध प्राधिकारियों के साथ लगातार सम्पर्क बनाये हुए है।

नई लेखांकन व्यवस्था

संचालक बोर्ड ने जुलाई, 1978 में बेहतर संगठनात्मक दक्षता, प्रबन्ध सूचना, प्रभावशाली वित्तीय और ऋण लेखांकन व्यवस्था, नियमित बजट नियंत्रण, आदि की व्यवस्था करने की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लेखांकन कार्यों की पद्धतियां, कार्यविधियां, प्रपत्र और संगठन के अध्ययन के लिए मैसर्स एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड क. सनदी लेखापाल को नियुक्त किया था। मैसर्स एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड क.,

सनदी लेखापाल की रिपोर्ट एवं लखा मैनुअल के आधार पर पहली जुलाई, 1980 से निगम में "नई लेखाकन व्यवस्था" आरम्भ की गई। नई व्यवस्था में, अपेक्षित सावधिक लेखाकन रिकार्ड रखने और परिसम्पत्तियों और देयताओं, आय और व्यय पर आन्तरिक नियत्रण रखने तथा वाणिज्यक व्यावहार्यता आधार पर निगम के परिचालनों के आयोजन एवं नियत्रण के लिए प्रबन्धक वर्ग को सूचना उपलब्ध करवाने पर बल दिया गया है। इस व्यवस्था में इतनी लचक है कि जब कभी आवश्यक समझा जाए, इसे मशीनीकृत लेखाकन व्यवस्था में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रकार अपनाई गई नई व्यवस्था भली भांति कार्य कर रही है।

लेखा-परीक्षा

प्रवर्तन आन्तरिक लेखा-परीक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लेखों की सांविधिक लेखा-परीक्षा दो लेखा-परीक्षकों द्वारा की जाती है जिनमें से एक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित होता है और दूसरा, शेयरधारियों की वार्षिक महासभा में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न शेयरधारियों द्वारा चुना जाता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 30 जून, 1981 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा मैसर्स बी एल अजमेरा एण्ड को जयपुर को लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न निगम के शेयरधारियों ने 30 सितम्बर, 1980 को हुई पिछली वार्षिक महासभा में मैसर्स रे एण्ड रे, कलकत्ता को उसी अवधि के लिए लेखा-परीक्षकों के रूप में चुना था। वर्ष 1980-81 के लिए लेखा-परीक्षकों की लेखा-परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट में, वर्ष के लेखों के साथ सलग्न है।

अध्याय—7

प्रवर्तन कार्य

निगम के विकास कार्य

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, स्वयं अपने द्वारा अथवा अन्य वित्तीय सस्थानो के साथ सयुक्त रूप से स्थापित की गई अनेक विशेष एजेंसियो के माध्यम से उद्योगो के प्रवर्तन के लिए सस्थानात्मक अवस्थापना सुविधाओ में, अन्तर को दूर करने के लिए तथा नये, लघु और मध्यम स्तर के उद्योगो के उद्यमियो को परियोजना अभिज्ञान, निरूपण, कार्यान्वयन और परिचालन, आदि में अत्यावश्यक मार्ग-दर्शन प्रदान करने के लिए प्रयास किया है।

विकास बैंक के रूप में विभिन्न प्रवर्तन कार्य करने के लिए दातव्य आरक्षित निधि की स्थापना की व्यवस्था करने के लिए 1972 में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में सशोधन करने से निगम के प्रवर्तन कार्यो को नई दिशाए प्राप्त हुई है। जिन प्रवर्तन और सामाजिक उद्देश्यो के लिए दातव्य आरक्षित निधि का उपयोग किया जा सकता है उनमें, (क) व्यावहार्यता अध्ययन, परियोजना रिपोर्टो, बाजार और तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों की लागत को पूरा करना, (ख) नये उद्यमियो और तकनीकज्ञो द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओ की सहायता करना, (ग) विश्वविद्यालयो और अन्य शैक्षणिक सस्थानो में चेयरो की स्थापना करके वित्तीय और औद्योगिक प्रबन्ध में अनुसन्धान को बढावा देना, (घ) वित्तीय सस्थानो आदि के कार्मिकों के प्रशिक्षण की लागत को पूरा करना शामिल है।

1972 में दातव्य आरक्षित निधि की स्थापना से लेकर निगम के लाभो में से 2 67 करोड रुपये की राशि इसमें अन्तरित की जा चुकी थी और वर्ष 1980-81 के लाभो से 0 25 करोड रुपये के और आवटन से 30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार दातव्य आरक्षित निधि में अन्तरित कुल राशि 2 92 करोड रुपये हो गई। इसमें से 2 26 करोड रुपये की राशि निगम के विभिन्न प्रवर्तन कार्यों के लिए उपयोग की जा चुकी थी।

निगम के प्रवर्तन कार्यो के वित्तपोषण का एक अन्य स्रोत है के एफ डब्ल्यू द्वारा निगम को उपलब्ध किए गए जर्मन मार्क ऋणो के सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, क्रेदितास्तल्ल-फर-वाइडरफबउ, पश्चिम जर्मनी और भारत सरकार तथा जर्मन सघीय गणराज्य के अनुसार के एफ डब्ल्यू ऋणो पर निगम द्वारा देय ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त ब्याज अन्तर जन्य निधियां। ये निधियां सरकार से ऋणो और अनुदानो के रूप में 50 50 के आधार पर प्राप्त होती हैं।

30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को ब्याज अन्तर जन्य निधि के अन्तर्गत ऋणो के रूप में 3 80 करोड रुपये की राशि और उतनी ही राशि अनुदानो के रूप में प्राप्त हो चुकी थी। 7 60 करोड रुपये के कुल आबटन में से 30 जून, 1981 तक प्रवर्तन कार्यो पर 5 25 करोड रुपये की राशि का उपयोग किया जा चुका था।

दातव्य आरक्षित निधि और ब्याज अन्तर जन्य निधि का वर्ष के दौरान और 30 जून, 1981 तक सचयी उपयोग का विवरण परिशिष्ट "ण" में दिया गया है।

प्रवर्तन (तकनीकी सहायता) योजनाए

जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपनी और निम्नलिखित चार योजनाओ को, उनके सामने दी गई तारीखों से सचालन कर रहा है

(क) नये उद्यमियो को सहायता योजना—बाजार अध्ययन की लागत को पूरा करने के लिए उप-सहायता (30-11 1977),

(ख) देशी तकनीक को ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहन योजना (30-11-1977),

(ग) लघु उद्यमियो के लिए सहायता योजना (1-7-1978), और

(घ) सहायक और लघु उद्योगो के प्रवर्तन की योजना (1-9-1978) उपर्युक्त योजनाओ के अन्तर्गत सहायता का स्वरूप उद्यमियो को उप-सहायता प्रदान करना है। अन्तिम दो योजनाओ अर्थात् (ग) और (घ) के अन्तर्गत उप-सहायता विशेष एजन्सियो के माध्यम से प्रवाहित की जाती है जिनमें अखिल भारतीय वित्तीय सस्थानो द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी सगठन शामिल है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, चूकि पहली दो योजनाओ के अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाओ का कोई उपयोग नहीं किया गया था, अन्तिम दो योजनाओ ने, जो उद्यमियो को तकनीकी सलाहकारी सगठनो द्वारा दी गई सेवाओ का, विशेषत पूर्व-व्यावहार्यता/व्यावहार्यता अध्ययनो, विस्तृत परियोजना रिपोर्टों, उनकी प्रस्तावित इकाइयों के लिए या सहायकीकरण के लिए उपयुक्त उत्पादों के अभिज्ञान के लिए बाजार अध्ययन तैयार करने, अथवा सहायक और लघु इकाइयां स्थापित करने के लिए रिपोर्टें तैयार करने में सम्बन्धित मामलों में उपयोग करने में सहायता प्रदान करती हैं, अपने परिचालन की अल्पावधि के दौरान अनेक उद्यमियो को लाभ पहुंचा कर तकनीकी सलाहकारी

संगठनों ने उपयोगिता और लोकप्रियता में काफी वृद्धि की है।

लघु उद्यमियों को सहायता योजना के अन्तर्गत तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा किए गए प्रत्येक दत्तकार्य की लागत के लिए 80% या 5,000/- रुपये, जो भी कम हो, की सीमा तक निगम द्वारा उप-सहायता दी जाती है; शेष राशि उद्यमकर्ताओं को स्वयं पूरी करनी पड़ती है। सहायक और लघु उद्योगों के प्रवर्तन की योजना के अन्तर्गत तकनीकी सलाहकारी संगठनों और अन्य विशेष एजेन्सियों को दत्तकार्य की लागत का 75% उसके पूरा होते ही और शेष 25% दो शर्तों के पूरा करने पर, अर्थात् (1) सहायक परियोजना के लिए राज्य स्तर के संस्थान या वाणिज्यिक बैंक द्वारा वित्तीय सहायता मंजूर करने, और (2) मुख्य इकाई के साथ न्यूनतम माल उठाने का समझौता करने पर अदा किया जाता है। उक्त दो योजनाओं के अन्तर्गत किए गए दत्तकार्यों के सम्बन्ध में तकनीकी सलाहकारी संगठन प्रतिवर्ष 1.00 लाख रुपये की सीमा तक उपकारी संगठनों को प्रत्येक योजना के लिए प्रति तकनीकी सलाह-सहायता उपलब्ध है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तकनीकी सलाहकारी संगठनों को रियायत प्रदान की गई, जिसके अन्तर्गत वे उपर्युक्त दोनों योजनाओं में से किसी एक के अन्तर्गत उप-सहायता का पूर्ण रूप से उपयोग कर चुकने के बाद एक वर्ष में दूसरी योजना के लिए उपलब्ध निधि के 50 प्रतिशत भाग को, यदि ऐसी निधि उस योजना में अर्थात् दूसरी योजना में अनुप्रयुक्त रह जाए, उसी योजना के लिए आगे उपयोग कर सकते हैं।

लघु उद्यमियों को सहायता योजना के अन्तर्गत 30 जून, 1981 तक निगम, देश में परिचालित 13 तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से 492 परियोजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए कुल मिलाकर 0.16 करोड़ रुपये की उप-सहायता विमुक्त कर चुका था। इनमें से 129 परियोजनाएं वर्ष 1980-81 से सम्बन्धित थीं। 30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार शेष जिन 363 परियोजनाओं को उप-सहायता पहले दी गई थी उनमें से 99 परियोजनाओं के कार्यान्वित हो जाने की रिपोर्ट मिली है और 140 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इसी प्रकार सहायक और लघु उद्योगों की प्रवर्तन योजना के अन्तर्गत निगम ने 31 सहायक इकाइयों को लाभ पहुंचाने वाली 6 विशिष्ट इकाइयों को 0.03 करोड़ रुपये की राशि की प्रतिपूर्ति कर दी थी। इनमें से 9 परियोजनाएं वर्ष 1980-81 से सम्बन्धित थीं। 30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार 18 परियोजनाओं के कार्यान्वित हो जाने की सूचना मिली है और 3 योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

विशेष दत्तकार्य

जिन मामलों में निगम की वर्तमान प्रवर्तन (तकनीकी सहायता) योजनाएं लागू नहीं होती उनके सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम मामलेवार आधार पर अपने-अपने क्षेत्रों में उद्योगीकरण के प्रवर्तन से सम्बन्धित सलाहकारी संगठनों और/अथवा अन्य राज्य स्तर की विकास एजेंसियों द्वारा किए गए पूर्व-व्यावहार्यता अध्ययनों, व्यावहार्यता अध्ययनों परियोजना रिपोर्टों, बाजार रिपोर्टों, तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों, परियोजना रूप-रेखा, आदि के सम्बन्ध में विशेष दत्तकार्यों की परामर्श लागत में, समय-समय पर अन्य संस्थानों के साथ भाग भी लेता रहा है।

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार ऐसे विशेष दत्तकार्यों में से, जिनकी परामर्श लागत में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ सहमति आधार पर व्यय उठाया है, उनमें उल्लेखनीय हैं—संस्थानों द्वारा किए गए औद्योगिक सम्भाव्यता सर्वेक्षण, इनमें से कुछ सर्वेक्षणों में अभिज्ञान की गई प्रत्याशी परियोजनाओं की 17 व्यावहार्यता रिपोर्टें तैयार करना और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वाधान में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा औद्योगिक परामर्शदाताओं की डायरेक्टरी छपवाना, टाटा आर्थिक सलाहकारी सेवा द्वारा किया गया तमिलनाडु का तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षण, बिहार के भागलपुर जिले और पश्चिमी बंगाल के पुरुलिया जिले का तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षण, प्रस्तावित हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स काम्पलेक्स से सम्बन्धित "अनुप्रवाहित" इकाइयों के लिए लघु और मध्यम क्षेत्र में पश्चिमी बंगाल सलाहकारी संगठन लिमिटेड द्वारा 100 परियोजना रूपरेखाएं तैयार करना, हिमाचल सलाहकारी संगठन लिमिटेड द्वारा हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रानिक्स उद्योग और खनिज स्रोतों सम्बन्धी अध्ययन, और मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लिमिटेड द्वारा मध्य प्रदेश में क्रमशः छिंदवाड़ा और देवास जिलों में दो व्यावसायिक औद्योगिक काम्पलेक्सों अर्थात् कृषि-उत्पाद काम्पलेक्स और चमड़ा काम्पलेक्स की स्थापना।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा इन दत्तकार्यों के लिए 30 जून, 1981 तक अदा की गई राशि 0.03 करोड़ रु. रही थी।

तकनीकी सलाहकारी संगठन

राज्य स्तर पर संस्थानात्मक अवस्थापना सुविधाएं जुटाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, केरल, बिहार, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, जम्मू व कश्मीर, पश्चिमी बंगाल, गुजरात तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तेरह संगठन स्थापित किए हैं।

वर्ष के दौरान, "सम्पूर्ण दायित्व" दत्तकार्य करने, क्षेत्र और बाजार अध्ययन, विस्तृत इंजीनियरिंग, रुग्ण इकाइयों के लिए पुनर्वास कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण, आदि करने की दृष्टि से तकनीकी सलाहकारी संगठनों की योग्यता और क्षमता में सुधार लाने पर काफी बल दिया गया। अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र जिन्हें तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने शुरू किया है, वे हैं उद्यमकर्ताओं को प्रेरित करना और प्रशिक्षण देना, जिला कार्य योजनाएं, एकीकृत क्षेत्र विकास योजनाएं तैयार करना और व्यावसायिक औद्योगिक काम्पलेक्सों के लिए व्यापक सेवाओं की व्यवस्था करना। इस प्रकार, वर्ष के दौरान सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों के कार्य में गुणात्मक परिवर्तन हुए। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम के सहयोग से, तकनीकी सलाहकारी संगठनों को और मजबूत बनाने और उनकी समग्र प्रभावशालिता को बढ़ाने के लिए किए गए विभिन्न उपायों में भाग लिया। इन उपायों में, उनके पूंजी आधार में वृद्धि करना, तकनीकी सलाहकारी संगठनों में सूचना का आदान-प्रदान और विशेषतः छोटी और लघु इकाइयों के लाभ के लिए कौशल शिक्षण शामिल है।

हालांकि विद्यमान सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों के निर्माण में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने भाग लिया है, तीन तकनीकी सलाहकारी संगठनों, जो इसके द्वारा प्रायोजित किए गए हैं और जिनकी शेयर पूंजी का 50% से अधिक भाग इसके द्वारा धारित है, के परिचालनों की समीक्षा निम्नलिखित अनुच्छेदों में की गई है।

(क) हिमाचल सलाहकारी संगठन लि. (हिमकोन)

हिमाचल सलाहकारी संगठन ने, 31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए वर्ष, जो इसके परिचालन का चौथा वर्ष था, के दौरान 103 दत्तकार्य पूरे कर लिए थे जिनमें से 79 दत्तकार्य पूर्व-व्यावहार्यता अध्ययन और व्यावहार्यता अध्ययन तैयार करने से सम्बन्धित थे, 10 दत्तकार्य सहायक उद्योगों के विषय में अध्ययन से सम्बन्धित थे, एक दत्तकार्य बाजार सर्वेक्षण के सम्बन्ध में था और शेष 13 में तथ्य निरूपण अध्ययन, कच्चे माल का सर्वेक्षण, आदि शामिल हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिमाचल सलाहकारी संगठन ने, राज्य स्तर के संस्थानों और उद्यमकर्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए बाजार सर्वेक्षण, क्षेत्रवार अध्ययन, औद्योगिक विकास योजनाएं बनाने और अन्य विशेष अन्तरसकाय अध्ययन करने के लिए एक "सर्वेक्षण व अध्ययन कक्ष" स्थापित किया। वर्ष के दौरान हिमाचल सलाहकारी संगठन द्वारा किए गए विशेष दत्तकार्यों में, (क) कांगड़ा जिले के लिए संकल्पित औद्योगिक विकास योजना तैयार करने से सम्बन्धित अध्ययन, (ख) हिमाचल प्रदेश में इलैक्ट्रानिक्स उद्योग के विस्तार और विकास के सम्बन्ध में अध्ययन, (ग) हिमाचल प्रदेश में खनिज स्त्रोतों का अध्ययन और इन स्त्रोतों पर आधारित उद्योगों का अभिज्ञान, (घ) राज्य सरकार के अनुरोध पर राज्य की अर्थ-व्यवस्था पर उद्योगीकरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए परवानू औद्योगिक क्षेत्र का लागत-लाभ अध्ययन शामिल है। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने वर्ष के दौरान हिमाचल सलाहकारी संगठन को, पंजाब के पटियाला और हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिलों में "अग्रणी" बैंकों की प्रगति से सम्बन्धित अध्ययन का कार्य सौंपा।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिमाचल सलाहकारी संगठन ने चण्डीगढ़ में एक शाखा कार्यालय खोला जिसने 22 अगस्त, 1980 से कार्य करना आरम्भ कर दिया। चण्डीगढ़ कार्यालय से चण्डीगढ़, पंजाब और हरियाणा के भावी उद्यमियों को सलाहकारी सेवायें प्रदान किए जाने की आशा है। हिमाचल सलाहकारी संगठन ने, उद्योग निदेशालय, हिमाचल प्रदेश और प्रबन्ध विकास संस्थान, नई दिल्ली के विकास बैंकिंग केन्द्र के सहयोग से एक उद्यम विकास कार्यक्रम भी आयोजित किया और इसके द्वारा आयोजित किए गए पूर्ववर्ती कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अनुवर्ती कार्यवाही करता रहा है।

31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए हिमाचल सलाहकारी संगठन ने 5.77 लाख रु. की आय अर्जित की और 5.64 लाख रु. का व्यय किया जिसके परिणामतः 0.13 लाख रु. का सकल लाभ हुआ।

(ख) राजस्थान सलाहकारी संगठन लि. (राजकोन)

31 दिसम्बर, 1980 को राजस्थान सलाहकारी संगठन ने अपने परिचालन के तीन वर्ष पूरे कर लिए थे। वर्ष 1980 के दौरान राजस्थान सलाहकारी संगठन ने 79 दत्तकार्य पूरे किए जिनमें से 72 दत्तकार्य छोटे और लघु उद्योग क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए थे, दो परियोजनाएं मध्यम स्तर के क्षेत्र से सम्बन्धित थीं और 5 प्रायोगिक अर्थ-व्यवस्था अनुसन्धान के क्षेत्र में थे अर्थात् राजस्थान में दबाव रहित एस्बेस्टोस सीमेन्ट पाईप्स और फिटिंग्स पर उद्योग अध्ययन, अलवर जिले के आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए उद्योग प्रभाव अध्ययन और सांगानेर में रंगाई और छपाई, उद्योग, नागपुर में हस्त उपकरण उद्योग और कैथून में कोटा-डोरिया साड़ियों के सम्बन्ध में तीन अध्ययन।

राजस्थान सलाहकारी संगठन को, राज्य सरकार और तीन राज्य स्तरीय वित्तीय और विकास संस्थानों द्वारा गुजरात के उद्यम विकास केन्द्र के सहयोग से राजस्थान में उद्यम विकास कार्यक्रम आयोजित करने का कार्य भी सौंपा गया है।

31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राजस्थान सलाहकारी संगठन ने 4.40 लाख रु. के व्यय के मुकाबले 4.62 लाख रुपये की आय अर्जित की जिसके परिमाणतः 0.22 लाख रुपये का संकल लाभ हुआ।

(ग) मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि.

31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुई दो वर्ष की अल्पावधि में मध्यप्रदेश सलाहकारी संगठन ने स्वयं को राज्य की सलाहकारी आवश्यकताओं के अनुकूल बना लिया। उद्योग निदेशालय, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसकी सेवाओं को परियोजनाओं के अभिज्ञान के लिए और दो व्यावसायिक औद्योगिक काम्पलेक्स अर्थात् छिंदवाड़ा जिले में कृषि-उत्पाद काम्पलेक्स और बैतूल जिले में चमड़ा काम्पलेक्स स्थापित करने का कार्य सौंपा गया। वर्ष 1980 के दौरान मध्यप्रदेश सलाहकारी संगठन ने 84 दत्तकार्य पूरे किए जिनमें 73 परियोजना व्यावहार्यता रिपोर्टें, 4 बाजार अनुसन्धान अध्ययन और 2 लागत-लाभ विश्लेषण थे। शेष दत्तकार्य इंजीनियरिंग, पुनर्स्थापन और पुनर्निर्माण, ग्रामीण विकास, कम्पनी गठन और एक दानेदार उर्वरक इकाई के "विक्रय या संस्थापन" से सम्बन्धित थे। पूरे किए गए 84 दत्तकार्यों में से 68 छोटे और लघु उद्योग क्षेत्र में थे। व्यावसायिक चमड़ा मध्यप्रदेश में इकाइयां स्थापित करने वाले उद्यमियों के लिए मध्यप्रदेश सलाहकारी संगठन द्वारा एक उद्यम विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान मध्यप्रदेश सलाहकारी संगठन ने 7.05 लाख रुपये की आय अर्जित की और 6.70 लाख रुपये का व्यय किया जिसके परिणामतः 0.35 लाख रुपये का लाभ हुआ।

सारणी—12

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा पूरे किए गए परियोजना दत्त कार्यों का विवरण

मद	हिमाचल सलाहकारी संगठन	राजस्थान सलाहकारी संगठन	मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन
1. कार्य प्रारम्भ करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की तारीख	20-4-1977	4-8-1978	10-5-79
2. पूरे किए गए परियोजना कार्यों की सं०	250	132	87
3. ऊपर (2) के सम्बन्ध में सम्भावित निवेशों अनुमान (करोड़ रुपयों में)	74.8	30.8	17.6
4. रोजगार क्षमता (व्यक्तियों की संख्या)	14,891	5,455	3,936
5. कार्यान्वित परियोजनाओं की संख्या [ऊपर (2) में से]	51	19	28 परियोजनाओं पूरी होने जा रही है।
6. उपर्युक्त (5) के सम्बन्ध में वास्तविक निवेश (करोड़ रुपयों में)	11.2	1.8	
7. उपर्युक्त (5) के सम्बन्ध में पहले ही उपलब्ध रोजगार (व्यक्तियों की संख्या)	2,018	422	

वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम की अग्रता में महाराष्ट्र औद्योगिक और तकनीकी सलाहकारी संगठन लिमिटेड नामक एक तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित करने के लिए प्रयास किए गए। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने महाराष्ट्र औद्योगिक और तकनीकी सलाहकारी संगठन की शेयर पूंजी में हिस्सा लेने और इसके परिचालन के पहले तीन पूर्ण वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए वर्तमान घाटे को, यदि कोई हो, इसकी शेयरधारिताओं के अनुपात में वहन करने के लिए सहमति दे दी है।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पहला संस्थान है जिसने प्रवर्तकों की साधारण पूंजी में सहायता उपलब्ध करने की दृष्टि से संस्थानात्मक वित्तपोषण अवस्थापना सुविधाओं में कमी को दूर करने के लिए 1975 में, नई दिल्ली में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान का प्रायोजन किया।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान उन परियोजनाओं की साधारण पूंजी में प्रवर्तकों के योगदान के भाग को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत ऋण प्रदान करता है, जिन्हें किसी एक अखिल भारतीय दीर्घावधि ऋण संस्थान अर्थात् भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा अकेले या संयुक्त रूप में वित्तीय सहायता मंजूर की गई हो। इन ऋणों पर ब्याज नहीं लगाया जाता लेकिन नाममात्र का सेवा प्रभार लगाया जाता है। सेवा प्रभार की विद्यमान दर, ऋण की अवधि के पहले पांच वर्ष के दौरान एक एक प्रतिशत वार्षिक, 6 से 10 वर्ष के बीच 2% वार्षिक और 10 वर्ष से अधिक अवधि के लिए 3% वार्षिक है। इसके अतिरिक्त, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान से लिए गए ऋण से प्राप्त किए गए और ऋण की प्रतिभूति के रूप में इसके पास गिरवी रखे गये साधारण शेयरों पर सकल अधिलाभांश के 40% की दर से प्रासंगिक सेवा प्रभार भी लगाया जाता है।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा प्रदान की गई सहायता सामान्यतः परियोजना की साधारण पूंजी में प्रवर्तकों के योगदान के 50% तक सीमित होती है परन्तु किसी एक परियोजना के सम्बन्ध में उच्चतम सीमा, केवल एक ऋणी के मामले में 10 लाख रुपये और दो या दो से अधिक ऋणियों के मामले में 15 लाख रुपये होगी। मध्यम आकार का औद्योगिक परियोजना आरम्भ करने के लिए भारत में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी प्रवर्तित करने वाला कोई नया उद्यमी या नये उद्यमियों का समूह, जो तकनीकी, या, व्यावसायिक रूप से योग्य हों और जिन्हें उपयुक्त औद्योगिक या व्यावसायिक अनुभव हो, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान से वित्तीय सहायता के पात्र हैं।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के ऋण वित्तपोषण प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह की शेयरधारिता, जो उस या उनके द्वारा प्रवर्तित परियोजना में होंगे, की गिरवी द्वारा रक्षित होंगे जिनका अधिग्रहण उनके द्वारा अपने साधनों एवं जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के ऋण से किया जाना है। जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान हितादिकारी से ऋण की राशि के बराबर बन्धक विमोच्य बीमा पालिसी लेने की भी अपेक्षा करता है।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने अपना परिचालन जून, 1976 में आरम्भ किया।

सारणी—20

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियां और संवितरण

	1976 (जून-दिसम्बर)	1977	1978	1979	1980 (जनवरी-जून)	कुल
मंजूरियां						
—राशि (करोड़ रुपयों में)	0.26	0.27	0.28	0.67	0.61	0.42	2.54
—प्रवर्तकों की संख्या	9	4	10	16	14	7	60
—परियोजनाओं की संख्या	5	4	5	9	8	4	35
संवितरण						
—राशि (करोड़ रुपयों में)	0.07	0.22	0.17	0.49	0.52	0.26	1.73
—प्रवर्तकों की संख्या	1	6	4	14	14	5	44
—परियोजनाओं की संख्या	1	4	3	8	7	4	27

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की संचयी मंजूरियां पैंतीस परियोजनाओं के संबंध में साठ हितादिकारियों को 2.54 करोड़ रुपए रही। उसी तारीख को सत्ताईस परियोजनाओं के चवालीस प्रवर्तकों को 1.73 करोड़ रुपये की कुल राशि का संवितरण किया गया।

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के पास, इसके कार्यों के परिणामस्वरूप 31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए इसके वित्तीय वर्ष के दौरान 1.05 लाख रु. का आधिक्य था। इससे उनका संचित घाटा कम होकर 31 दिसम्बर, 1980 को 0.42 लाख रुपए हो गया।

इस समय जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की निधियों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा उसकी दातव्य आरक्षित निधि में से और निगम को सरकार द्वारा आबंटित के. एफ. डब्ल्यू. ब्याज अन्तर जन्य निधियों में से उपलब्ध किए गए ऋण और अनुदान शामिल हैं। 30 जून, 1981 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, ऋणों के रूप में 2.50 करोड़ रुपये अनुदानों के रूप में 0.55 करोड़ रुपये और जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के प्रशासनिक व्यय के लिए 0.11 करोड़ रुपए की राशि आवंटित कर चुका था जिससे कुल आबंटन 3.16 करोड़ रुपए हुआ। इसके लिए 30 जून, 1981 तक जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को 2.17 करोड़ रुपए की निधियां विमुक्त की गई थीं।

उद्यम विकास और प्रबन्धकीय कुशलता

विकास बैंक होने के नाते भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, न केवल उद्यम विकास की बल्कि प्रबंधकीय कुशलता की उन्नति और प्रबंध व्यवसायीकरण को भी बहुत महत्व देता रहा है।

उद्यम विकास में, संभावित उद्यमियों का अभिज्ञान, उनमें उद्यमी सफलता के लिए अपेक्षित विशेषताएं/योग्यताएं विकसित करना और उद्यम निर्माण की अनुवर्ती अवस्थाओं में उन्हें समर्थन प्रदान करना शामिल है। इस प्रयोजन के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम समय-समय पर विभिन्न राज्यों में "औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन और कार्यान्वयन" पर कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। अप्रैल, 1980 में, उड़ीसा के लिए भुवनेश्वर में एक "औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन और कार्यान्वयन" कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी वर्षों में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए भी एक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। औद्योगिक परियोजनाओं के अभिज्ञान, प्रवर्तन और कार्यान्वयन कार्यक्रमों के अतिरिक्त जब कभी भी आवश्यक हो, निगम विभिन्न राज्यों के तकनीकी सलाहकारी संगठनों की, उनके द्वारा आयोजित किए गए उद्यम विकास-कार्यक्रमों के व्यय में अन्य संस्थानों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर सहायता भी करता है।

प्रबन्ध विकास संस्थान

किसी औद्योगिक उद्यम की सफलता के लिए अति महत्वपूर्ण दिन-प्रतिदिन की प्रबंध व्यवस्था के स्तर में विकास और सुधार लाने के लिए और प्रबंध व्यवसायीकरण को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 1973 में विकास संस्थान का प्रायोजन किया, जिसके उद्देश्य निम्नानुसार हैं —

(क) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा अन्य संस्थानों द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं के कार्यकारी कार्मिकों, विशेषत नए उद्यमियों और तकनीकज्ञों को आधुनिक प्रबंध तकनीकों का प्रशिक्षण देना;

(ख) प्रवर्तन/वित्तीय संस्थानों और राज्य एवं अखिल भारतीय स्तर की एजेंसियों के स्टाफ को विकास बैंकिंग में प्रशिक्षण देना और विदेशों में स्थित विकास बैंकों के स्टाफ को ये सुविधाएं प्रदान करना; और

(ग) औद्योगिक प्रबंध के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान करना।

प्रबंध विकास संस्थान ने, 31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए इसके परिचालन वर्ष के दौरान सामान्य भागीदारी के 36 कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें से 11 विशेष उद्योग कार्यक्रम थे। 1981 की पहली छमाही में प्रबंध विकास संस्थान ने, एक इन-कम्पनी कार्यक्रम सहित 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 1981 की दूसरी छमाही के दौरान प्रबंध विकास संस्थान का 30 कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है जिनमें 4 इन-कम्पनी कार्यक्रम शामिल हैं।

प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में रायल इन्स्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, यू के के सहयोग से "कार्मिक प्रबन्ध क्षेत्र में प्रशिक्षण और प्रशिक्षकों पर एकीकृत कार्यक्रम", बाथ विश्वविद्यालय, यू के के संकाय की सहायता से "संचार प्रभावशालिता और संगठन विकास" पर एक कार्यक्रम, सरकारी उद्यम ब्यूरो, भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से आयोजित "सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में वित्तीय योजना और नियंत्रण" पर एक कार्यक्रम, केवल राज्य सहकारी शिखर बैंकों और विपणन फेडरेशनों के लिए "सहकारी क्षेत्र में कृषि-उद्योगों के अभिज्ञान, प्रवर्तन और प्रबन्ध पर एक कार्यक्रम, और आवास व नगर विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से "आवास प्रबन्ध" पर एक कार्यक्रम शामिल हैं।

विकास बैंकिंग केन्द्र

प्रबन्ध विकास संस्थान ने, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के सहयोग से, देश में "विकास बैंकिंग के सिद्धान्त और कार्यप्रणाली" के क्षेत्र में प्रशिक्षण और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से दिसम्बर, 1977 में अपने अंदर-स्वायत्त केन्द्र के रूप में विकास बैंकिंग केन्द्र की स्थापना की।

विकास बैंकिंग केन्द्र ने इसके 31 दिसम्बर, 1980 को समाप्त हुए परिचालन वर्ष के दौरान तीन इन-कम्पनी कार्यक्रमों सहित 19 कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 491 भागीदारों ने भाग लिया और उनमें से 43 भागीदार विदेशों से थे।

1981 की पहली छमाही में विकास बैंकिंग केन्द्र ने सामान्य भागीदारी के लिए 10 कार्यक्रम और एक इन-कम्पनी कार्यक्रम आयोजित किया। विकास बैंकिंग केन्द्र ने पहली बार "औद्योगिक परियोजनाओं का आर्थिक विश्लेषण" पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। 1981 की दूसरी छमाही में विकास बैंकिंग केन्द्र का 7 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का विचार है, जिनमें 2 इन-कम्पनी कार्यक्रम होंगे।

विकास बैंकिंग केन्द्र का एक विशेष कार्यक्रम जो प्रतिवर्ष विकास बैंकिंग के विशेष पहलू को केन्द्र बनाते हुए लगभग प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है, इसने केवल विकासशील देशों के भागीदारों के लिए ही संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन द्वारा प्रायोजित विकास बैंकिंग पर दो कार्यक्रम भी आयोजित किए। अन्य अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जिनका विशेष उल्लेख किया जा सकता है, वे हैं (1) एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन द्वारा विश्व बैंक के आर्थिक विकास संस्थान, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से प्रायोजित "विकास बैंकों में मध्य स्तर के व्यवसायियों का अधिकारी विकास, और (2) अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिए जर्मन प्रतिष्ठान तथा विश्व बैंक के आर्थिक विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "लघु उद्यमों का प्रवर्तन और वित्तपोषण"।

प्रबंध विकास संस्थान और विकास बैंकिंग केन्द्र ने विभिन्न क्षेत्रों में अब तक ग्यारह अनुसंधान परियोजनाएं हाथ में ली हैं जिनमें से कुछ पूरी हो चुकी हैं। महत्वपूर्ण अनुसंधान अध्ययनों में से जिनका उल्लेख किया जा सकता है, वे हैं— योजना आयोग द्वारा प्रायोजित "औद्योगिक रुग्णता" पर अध्ययन, "लघु औद्योगिक परियोजनाओं में रुग्णता की संभावनता का अध्ययन, "भारतीय होटलों में वर्तमान प्रबंध पद्धतियों सहित होटल प्रबंध" पर अध्ययन, "आर्थिक विकास के वित्तपोषण के लिए अपतटीय बैंकिंग केन्द्र की स्थापना पर अध्ययन" और "नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया लि (नेफेड) पर अध्ययन"।

प्रबन्ध और विकास बैंकिंग, आदि के क्षेत्र में अनुसन्धान प्रवर्तन

विकास बैंकिंग में और वित्तीय एवं औद्योगिक प्रबन्ध में अनुसन्धान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद और दिल्ली, बम्बई तथा मद्रास विश्वविद्यालयों में पहले ही पीठें स्थापित कर चुका है। इन पीठों के लिए वित्तीय सहायता वृत्तियों/वार्षिक अनुदानों के रूप में दी जाती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान गौहाटी और मद्रास विश्वविद्यालयों में दो और पीठें स्थापित करने का निर्णय किया गया जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी "विकास बैंकों के लिए सूचना प्रणाली का विकास तथा संरचना-व्यवस्थात्मक पहुंच" पर व्याख्यान जो दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबन्ध अध्ययन संकाय में निगम के अतिथि प्राध्यापक द्वारा फरवरी, 1981 में दिया गया ।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने चार अनुसन्धान फेलोशिप स्थापित करने का भी निर्णय किया है। क्षेत्रवार साक्षात्कार के आधार पर चुने गए फेलो को औद्योगिक अर्थशास्त्र, वित्तीय प्रबन्ध, और क्षेत्रीय अर्थशास्त्र सहित विकास बैंकिंग क्षेत्र में अनुसन्धान कार्य करना होता है। फेलोशिप की अवधि तीन वर्ष होती है। जिसे और एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। फेलोशिप की राशि 2,000/-रुपये प्रतिवर्ष के अतिरिक्त प्रासंगिक अनुदान सहित 1,000/-रुपये प्रतिमाह होगी, लेकिन यह दोनों मिलाकर प्रतिवर्ष प्रति फेलोशिप 14,000/-रुपये से अधिक नहीं होगी।

राज्य स्तर के संस्थानों के लिए उन्मुख कार्यक्रम और सहायता

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम राज्य स्तर के संस्थानों के व्यवसायिक स्टाफ को आमन्त्रित करके और जहां कहीं आवश्यक हो, अपने स्वयं के स्टाफ को नियुक्त करके उन्हें निगम द्वारा अपनाई गई नीतियों और पद्धतियों से परिचित करवा कर सहायता कर रहा है। योजना के आरम्भ से लेकर 39 राज्य स्तरीय संस्थानों के 123 मध्यम स्तर के अधिकारियों और 62 वरिष्ठ अधिकारियों को लाभ पहुंचा है। वर्ष के दौरान योजना के पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई थी ताकि निगम के अनुभव का लाभ प्रवर्तन एजेंसियों और तकनीकी सलाहकारी संगठनों सहित राज्य स्तर के संस्थानों को और अधिक संख्या में पहुंच सके तथा उनके अनुभव से लाभ प्राप्त किया जा सके। नई योजना के शीघ्र ही बनाए जाने का प्रस्ताव है।

अध्याय 8

बोर्ड, प्रशासन व कार्मिक

संचालक बोर्ड

केन्द्रीय सरकार ने, 22 अप्रैल, 1981 से औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(ख) की शर्तों के अधीन श्री एन. आर. रंगानाथन के स्थान पर श्री आर. के. कौल, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग को निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया। इसके अतिरिक्त, श्री बी. राय, जिन्हें 11 अप्रैल, 1981 को केन्द्रीय सरकार द्वारा संचालक के रूप में नामित किया गया था, ने निदेशक, सरकारी उद्यम अनुवर्ती शिक्षा केन्द्र के पद पर उनकी नियुक्ति हो जाने पर 3 जुलाई, 1981 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक पद से त्यागपत्र दे दिया। उनके स्थान पर श्री एम.एल.कपूर, संयुक्त सचिव, उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक विकास विभाग को, केन्द्रीय सरकार द्वारा औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 10(1)(ख) के अधीन 14 अगस्त, 1981 से निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया गया है।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(कक) की शर्तों के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 15 नवम्बर, 1980 से श्री एम. आर बी. पूंजा के स्थान पर डा. एस. ए. दवे, कार्यकारी निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को तथा 17 नवम्बर, 1980 से श्री बागाराम तलपले के स्थान पर श्री के. आर. त्रिपाठी को निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया।

एक निर्वाचित संचालक श्री जे. आर. जोशी, जो निगम के संचालक बोर्ड में बीमा संस्थाओं, निवेश न्यासों और ऐसे ही अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करते थे, ने 12 अगस्त, 1980 को त्याग-पत्र दे दिया और श्री जे. आर. जोशी के त्याग-पत्र देने से हुई आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए 30 सितम्बर, 1980 को हुई भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारियों की 32वीं वार्षिक महासभा में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(घ) के अधीन श्री एस. हरिहरन, कार्यकारी निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम, बम्बई को निगम के बोर्ड के संचालक के रूप में नामित किया गया।

संचालक बोर्ड, श्री एन. आर. रंगानाथन, श्री बी. राय, श्री एम. आर बी पूंजा, श्री बागाराम तलपले और श्री जे. आर जोशी द्वारा निगम में उनके कार्यकाल के दौरान की गई अति अमूल्य सेवाओं की अत्यधिक सराहना करता है।

वर्ष के दौरान बोर्ड की बारह बैठकें हुई, जिनमें से ग्यारह नई दिल्ली में और एक बंगलौर में हुई।

सलाहकारी समितियां

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड द्वारा औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 15 के अधीन गठित की गई सलाहकारी समितियां, आवेदक संस्थाओं को वित्तीय सहायता मंजूर करने से सम्बन्धित मामलों पर निर्णय लेने में और सहायता प्राप्त संस्थाओं द्वारा उनके संचालन के दौरान सामना किए जाने वाली तकनीकी और अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में, जब कभी भी वे उनके सामने लाई जाएं, सलाह देने में संचालक बोर्ड की सहायता करती है।

वर्ष के दौरान विभिन्न सलाहकारी समितियों की 25 बैठकें हुई जिनका ब्योरा निम्नलिखित है:—

सलाहकारी समिति का नाम	बैठकों की संख्या
रसायन प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग	5
इंजीनियरिंग	2
चीनी	3
वस्त्र	8
होटल	5
पटसन	2

इन बैठकों में 52 संस्थाओं से सम्बन्धित परियोजनाओं की वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार किया गया। उपरिलिखित समितियों ने कुछ चुनी हुई इकाइयों के कार्यों का भी मूल्यांकन किया।

स्थानीय सलाहकारी समितियां

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा अपनाई गई नीतियों और पद्धतियों के बारे में जानकारी बढ़ाने की दृष्टि से और साथ ही, किसी राज्य/क्षेत्र के औद्योगिक विकास के बारे में प्रारम्भिक जानकारी प्राप्त करने के लिए निगम के संचालक बोर्ड ने तेरह स्थानों पर, अर्थात् अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, भुवनेश्वर कलकत्ता, कोचीन, गोहाटी, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, पटना, मद्रास और शिमला में स्थानीय सलाहकारी समितियों का गठन किया।

स्थानीय सलाहकारी समितियों के गठन का प्रमुख लक्ष्य जनसम्पर्क की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और समग्र देश में फैली हुई इसकी अनेक ऋणी संस्थाओं के बीच संचार

अन्तर को कम करना और राज्य/क्षेत्र में उद्योग के प्रवर्तन और विकास से सम्बन्धित सभी संस्थाओं के साथ निकट पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करना है। स्थानीय सलाहकारी समितियों से प्राप्त हुई सूचना से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा तथा पुनर्निर्धारण कर सकता है और औद्योगिक विकास के मामले में प्रत्येक राज्य की विशेष समस्याओं और सम्भावनाओं का मूल्यांकन कर सकता है। स्थानीय सलाहकारी समितियों के गठन में, समिति के अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्रमुख क्षेत्रों जैसे उद्योग, वित्त, सहकारिता, आदि में राज्य सरकार के अधिकारी, राज्य स्तर के वित्तीय और विकास संस्थानों, बैंकों के अधिकारी, वाणिज्य एवं उद्योग मंडलों, तकनीकी सलाहकारी संगठनों के प्रतिनिधि प्रमुख अर्थशास्त्री और उद्योगपति, आदि शामिल हैं। इस प्रकार के गठन का उद्देश्य सभी सम्बन्धित पक्षों के प्रति जागरूकता पैदा करना है — चाहे वह औद्योगिक विकास के मामले में कोई लक्ष्य, योजना या कार्यक्रम, राज्य/क्षेत्र की समस्याएं और सम्भावनाएं हों।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान स्थानीय सलाहकारी समितियों की पांच बैठकें कलकत्ता (31 अक्तूबर, 1980), जयपुर (20 दिसम्बर, 1980), बंगलौर (29 दिसम्बर, 1980) हैदराबाद (13 अप्रैल, 1981) और गोहाटी (23 अप्रैल, 1981) में हुईं। इन बैठकों के समय अध्यक्ष तथा बोर्ड के उपस्थित सदस्यों को, राज्य सरकारों और अन्य वित्तीय एवं विकास संस्थानों के अधिकारियों से और स्थानीय व्यापार एवं उद्योग संगठनों या मंडलों के प्रतिनिधियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे वे अपने-अपने राज्यों अथवा क्षेत्रों में औद्योगिक परिस्थिति तथा सहायता प्राप्त कुछ संस्थाओं की समस्याओं का बेहतर मूल्यांकन कर सकें।

इन बैठकों के कार्य-विवरणों पर संचालक बोर्ड द्वारा विचार किया गया और जहां कहीं आवश्यक था, इन बैठकों में किए गए विचार-विमर्श के अनुसार अनुवर्ती कार्यवाही की गई और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों के माध्यम से उनका अनुवर्तन किया जा रहा है।

अन्य देशों के विकास बैंकों के साथ सम्बन्ध

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन का संस्थापक-सदस्य है। उसी हैसियत में, 6 अप्रैल, 1981 से 8 अप्रैल, 1981 की अवधि के दौरान आस्ट्रेलिया में हुई एसोसिएशन की तीसरी महासभा की बैठक में निगम का प्रतिनिधित्व इसके महाप्रबन्धक श्री डी. एन. डावर द्वारा किया गया। इस बैठक में, टेक्नालाजी अन्तरणा में विकास वित्तीय संस्थानों की भूमिका और एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन के व्यवसायियों का निदेशन तथा जनशक्ति विकास कार्यक्रमों पर विचार किया गया।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अध्यक्ष श्री बी. बी. सिंह ने, वर्ष में दो बार पश्चिम जर्मनी की यात्रा की; 10 मिलियन जर्मन मार्क के 18वें ऋण और क्रेडितांस्टाल्ट-फर-वाइडरफबाउ (के. एफ. डब्ल्यू.), पश्चिम जर्मनी द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को मंजूर किए गए 15 मिलियन जर्मन मार्क के 19वें ऋण से सम्बन्धित करार पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने न केवल के. एफ. डब्ल्यू. प्राधिकारियों के साथ बल्कि फ्रांस, लक्समबर्ग और लन्दन के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ भी उपयुक्त विचार-विमर्श किए।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने देश से बाहर के अन्य विकास वित्तीय संस्थानों आदि से और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन, विश्व बैंक के आर्थिक विकास संस्थान, वाशिंगटन और एशियाई उत्पादकता एसोसिएशन, जापान के साथ निकट सम्पर्क बनाए रखा। वर्ष के दौरान, एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन, फिलीपाइन्स के विकास बैंक के जनशक्ति विकास केन्द्र, आर्थिक विकास संस्थान, वाशिंगटन और एशियाई उत्पादकता संगठन, जापान द्वारा आयोजित सेमिनारों और विकास कार्यक्रमों में भाग के लिए निगम के छह अधिकारियों को भेजा गया।

अपनी ओर से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, जाम्बिया के विकास बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी को छह सप्ताह के लिए विचार-विमर्श करने की सुविधा प्रदान की जिससे वह इसकी नीतियों और मूल्यांकन सम्बन्धी पद्धतियों, अनुवर्ती और पर्यवेक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। नाइजीरिया के औद्योगिक विकास बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी, सामान्यत: सुसंगठन सम्बन्धी विभिन्न मामलों और विशेषत: जनशक्ति आयोजन और प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विचारों के आदान-प्रदान के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की यात्रा की।

विदेशी यात्राओं पर किया गया व्यय

वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, अपने अधिकारियों की विदेश में यात्राओं/पाठ्यक्रमों में भागीदारी पर 1,78,603/- रु. खर्च किए जिसमें से 94,142/- रु. इसके अध्यक्ष और महाप्रबन्धक की क्रमश: पश्चिम जर्मनी और आस्ट्रेलिया की यात्रा पर खर्च किए गए।

जन-सम्पर्क

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रधान कार्यालय में जन-सम्पर्क विभाग और अन्य स्थानों पर इसके कार्यालय नये और भावी उद्यमियों को उद्यम के सम्बन्ध में मार्गदर्शन करते रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अध्यक्ष महोदय ने दो पत्रकार-सम्मेलन बुलाए, एक 29 नवम्बर, 1980 को दिल्ली में और दूसरा 29 दिसम्बर, 1980 को बंगलौर में। इन प्रेस-सम्मेलनों में अध्यक्ष महोदय ने प्रत्यक्ष वित्तपोषण और प्रवर्तन कार्यों के क्षेत्र में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यों पर प्रकाश डाला। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा किए गए कार्य-विधि सुधारों और पुनर्जीवन की सम्भावना रखने वाली रूग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए वित्तीय संस्थानों के दृष्टिकोण को स्पष्ट करने का भी प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर बांडों के निर्गम और अन्य परिचालन मामलों के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं। हाल ही में, अध्यक्ष महोदय ने जर्मन संघीय गणराज्य के पत्रकारों के एक समूह से बातचीत की, जो देश में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की भूमिका के सम्बन्ध में उनसे वार्तालाप करने के लिए आये थे।

विज्ञापन और प्रचार पर व्यय

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने वर्ष के दौरान विज्ञापन और प्रचार पर 77,974/- रु. व्यय किए।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन देने की सरकारी नीति के अनुरूप निगम में हिन्दी के प्रयोग की अभिवृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जैसी कि पिछले वर्ष सूचना दी गई थी, निगम के प्रधान कार्यालय, बम्बई और दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों में तीन राजभाषा कार्यान्वियन समितियां कार्य कर रही थी। हिन्दी की प्रगति को देखने तथा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उपाय सुझाने हेतु अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता, हैदराबाद, कानपुर और मद्रास में भी राजभाषा कार्यान्वियन समितियों का गठन किया गया।

निगम के कार्यालयों में प्रयोग किए जाने वाले प्रपत्रों को द्विभाषी बनाने की नीति के अनुरूप, लेखा विभाग द्वारा प्रयोग

किए जाने वाले सभी प्रपत्रों का, वर्ष के दौरान, द्विभाषी रूप में तैयार किया है और हिन्दी तथा अंग्रेजी में छपवाया गया। 30 जून, 1981 तक निगम में 198 प्रपत्रों को द्विभाषी रूप में तैयार करवाया गया। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए आवेदकों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले "वित्तीय सहायता के लिए साझा आवेदन प्रपत्र" को द्विभाषी रूप में बनाने में भी निगम को विशिष्टता प्राप्त हुई है। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 43 के अधीन निगम के "सामान्य विनियम" और "कर्मचारिवृन्द विनियमों" का हिन्दी में अनुवाद किया जा चुका है और केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो से उनका पुनरीक्षण भी करवा लिया गया है और उन्हें शीघ्र ही मुद्रित करवाने का प्रस्ताव है। वर्ष के दौरान, बांडों के निर्गम के माध्यम से धन एकत्र करने के सम्बन्ध में जारी किए गए प्रविवरण हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में जारी किए गए।

निगम ने भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना को भी ग्रहण किया है तथा कर्मचारियों को हिन्दी, हिन्दी टाइपराइटिंग और हिन्दी स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण के लिए नियमित रूप से भेजा जाता है। वर्ष के दौरान विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी कर्मचारियों के हित के लिए पांच हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गईं और इसके अतिरिक्त, चार अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिन्दी के प्रयोग पर एक सत्र शामिल किया गया था। उसी अवधि के दौरान, निगम के अधीनस्थ स्टाफ के सदस्यों के हित के लिए भी दो कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संगठनात्मक ढांचा

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय के अतिरिक्त बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली में चार क्षेत्रीय कार्यालय और अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद और कानपुर में चार शाखा कार्यालय तथा गोहाटी, पटना, भुवनेश्वर, भोपाल, नागपुर, पणे, कोचीन, जयपुर और चण्डीगढ़ में नौ अन्य कार्यालय थे। पहली जुलाई, 1981 से गोहाटी और पटना कार्यालयों को पूर्ण रूप से शाखा कार्यालय के रूप में कार्य करने के लिए उनका स्तर बढ़ा दिया गया है। गोहाटी स्थित शाखा कार्यालय अब उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विद्यमान एवं नई परियोजनाओं के सम्बन्ध में कार्य करेगा और पटना स्थित शाखा कार्यालय के क्षेत्राधिकार में बिहार तथा उड़ीसा में स्थित विद्यमान और नई परियोजनाएं आएंगी। निगम का अद्यतन संगठन चार्ट परिशिष्ट "त" में दिया गया है।

शक्तियों का प्रत्यायोजन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संचालन बोर्ड ने क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों को और अधिक शक्तियों का विकेन्द्रीयकरण किया और 35 लाख रु. की कुल सीमा तक वित्तीय सहायता मंजूर करने के लिए अध्यक्ष को, 25 लाख रु. तक महाप्रबन्धक को और 20 लाख रु. तक निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में क्षेत्रीय मंजूरी प्राधिकारियों को स्वविवेकाधिकार प्रत्यायोजित किए गए।

मानव स्त्रोत

30 जून, 1981 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम में 941 कर्मचारी और व्यवसायिक स्टाफ का समूह था (इसके क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों में स्टाफ के सदस्यों सहित) जिसमें विभिन्न संकायों के व्यक्ति हैं जिसका परिणाम है – सन्तोषप्रद कार्य-परिणाम। निगम के अनुसूचित जातियों के और अनुसूचित जनजातियों के तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की भर्ती के प्रति विशेष ध्यान दिया। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा का सामान्यतः अनुपालन किया गया।

नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्ध

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतनमानों में संशोधन किया। वेतनमानों में संशोधन लाभ अधिकारियों को पहली अक्तूबर, 1979 से दिया गया जबकि लिपिकीय और अधीनस्थ स्टाफ को यह लाभ पहली सितम्बर, 1978 से दिया गया। अधीनस्थ और लिपिकीय स्टाफ के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली आई. एफ. सी. आई. इम्पलाइज एसोसिएशन के साथ निगम द्वारा 6 जून, 1980 और 28 अप्रैल, 1981 को निष्पादित किए गए समझौता ज्ञापन पहली सितम्बर, 1978 से लेकर चार वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेंगे। किए गए समझौतों के अनुसार वेतनमानों और भत्तों में संशोधन के अतिरिक्त स्टाफ के सदस्यों को उपलब्ध अन्य अनुषंगी लाभों और सुविधाओं को भी काफी उदार कर दिया गया है। सम्पूर्ण वर्ष के दौरान नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्ध पूर्णतः सद्भावनापूर्ण रहे।

मानव स्त्रोत विकास

निगम, इसकी मानव स्त्रोत विकास की नीति के अनुरूप वर्ष के दौरान अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ाता रहा है। वर्ष 1980-81 के दौरान, छह अधिकारियों को समुद्र पार प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों में भेजने के अतिरिक्त 34 अल्पकालीन सेवा-दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें प्रति कार्यक्रम औसतन 20 भागीदारों ने भाग लिया। इनमें से 22 प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों के लिए थे और 12 कार्यक्रम स्टाफ के अन्य सदस्यों के लिए थे। इसके अतिरिक्त, 39 अधिकारियों को लाभ के लिए प्रबन्ध विकास संस्थान के विकास बैंकिंग केन्द्र की सहायता से दो "इन-कम्पनी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आयोजन अवधि 89 कार्य दिवस रही। इसके अतिरिक्त, 81 अधिकारियों को प्रबन्ध विकास संस्थान, नई दिल्ली, अखिल भारतीय प्रबन्ध एसोसिएशन, नई दिल्ली, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली, बैंकर्स ट्रेनिंग कालेज, बम्बई, आदि द्वारा आयोजित 59 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए भेजा गया।

स्टाफ सुझाव योजना

वर्ष के दौरान, स्टाफ सुझाव योजना के अन्तर्गत स्टाफ के विभिन्न सदस्यों से उत्साहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ और कार्य के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धित 109 सुझाव प्राप्त हुए। उपयुक्त पाए गए 24 सुझावों को स्वीकार किया गया और संगठन की समग्र प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाने के प्रयोजन के लिये कार्यान्वित किया गया। सर्वोत्तम सुझावों के लिए नकद पुरस्कार प्रदान किए गए और अन्य भी मामलों में प्रशंसा-पत्र जारी किए गए।

उत्पादकता में सुधार

निगम के प्रबन्ध और उत्पादकता सेवाएं विभाग ने, आगामी वर्षों के लिए मानव शक्ति योजना के विकास, शक्तियों के प्रत्यायोजन की संशोधित योजना के निरूपण, कार्यालय के दक्ष और तीव्र निपटाना के लिए स्तर-लंघन रिकार्ड व्यवस्था और फाइल पद्धति, आदि क्षेत्रों में अनेक गहन अध्ययन किए। उक्त विभाग द्वारा की गई अनेक सिफारिशों को अब कार्यान्वित कर लिया गया है जिससे संगठन की समग्र उत्पादकता में सुधार हुआ है।

कर्मचारी कल्याण

निगम ने दस वर्ष पहले अगस्त, 1971 में अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए "कर्मचारी कल्याण निधि" नाम से एक निधि स्थापित की थी। 30 जून, 1981 तक, कर्मचारियों और उनके आश्रितों के समग्र कल्याण के लिए विभिन्न कार्यों के वित्त-पोषण के लिए इस निधि को 0.12 करोड़ रुपये आबंटित और अन्तरित किए गए। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कर्मचारी कल्याण कार्यों में हुई वृद्धि से निपटने के लिए निधि को दो भागों में विभाजित करने का निर्णय किया गया अर्थात् (क) ऋणों के लिए आवर्तन निधि और (ख) अनुदान और व्यय लेखा। अगले कुछ वर्षों के दौरान आवर्तन निधि में 0.10 करोड़ रुपये की राशि जमा की जानी है। कर्मचारी कल्याण निधि विनियमों में निर्धारित अन्य सभी मदों पर होने वाला व्यय अनुदान और व्यय लेखे से पूरा किया जाता है।

वर्ष के दौरान 93 कर्मचारियों को, घरेलू टिकाऊ सामान जैसे टेलीविजन सेट रेफ्रिजरेटर्स, एयर कूलर्स खरीदने के लिए और स्वयं के, पुत्र, पुत्री, बहिन के विवाह के लिए तथा आत्म विकास के लिए अध्ययन पाठ्यक्रमों के आवर्तन निधि में से कुल 2,53,633/-रु. के ऋण दिए गए। इसके अतिरिक्त, कर्मचारी कल्याण निधि विनियमों के अन्तर्गत कर्मचारियों के 14 बच्चों को औषधि, इंजीनियरिंग, होटल प्रबन्ध, भवन निर्माण कला, आदि में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए योग्यता छात्रवृत्तियां, दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में 60% या अधिक अंक प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों के 27 बच्चों को एक मुश्त पुरस्कार और निगम के तीन दिवंगत कर्मचारियों के बच्चों के शिक्षा-शुल्क की अदायगी की गई। अन्य कल्याण गतिविधियां हैं निगम के कर्मचारियों के खेलकूद और मनोरंजन क्लबों को अनुदान, श्रीनगर, शिमला, बंगलौर, ऊटी और पुरी, आदि में पांच अवकाश गृहों की देखभाल करना।

कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना

बीमा और सामूहिक बीमा योजनाएं

निगम ने सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में अपने सभी पूर्णकालिक कर्मचारियों को ओरिएन्टल फायर एण्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड की सामूहिक दुर्घटना बीमा पालिसी और भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा पालिसी के अन्तर्गत बीमे की सुविधा प्रदान की है। उपर्युक्त उपायों से, उन कर्मचारियों के परिवारों या उत्तराधिकारियों को, दुर्भाग्यवश जिनकी सेवा-दौरान असामयिक मृत्यु हो गई थी, अत्यावश्यक राहत मिली है।

कार्यालय परिसर

प्रधान कार्यालय परिसर के लिए लोधी रोड, नई दिल्ली में सरकारी उद्यम स्थायी सम्मेलन (स्कोप) द्वारा निर्माण किए जाने के लिए प्रस्तावित सरकारी उद्यम काम्पलेक्स में 4400 वर्ग फुट कार्यालय स्थान के लिए अग्रिम के रूप में 30 जून, 1981 तक 0.92 करोड़ रु. की राशि अदा की जा चुकी है। निगम के कुछ क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों के अब अपने परिसर हैं और निगम के शेष कार्यालयों के लिए भी स्वामित्वाधिकार आधार पर परिसर प्राप्त करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं।

स्टाफ आवास काम्पलेक्स

निगम के नई दिल्ली, स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए पश्चिम विहार, नई दिल्ली में 3.35 एकड़ भूमि क्षेत्र में 195 आवासीय इकाइयों के आवास काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है जिसकी कुल अनुमानित लागत 2.18 करोड़ रु. है। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों के लिए निर्धारित फ्लैटों की कमी को पूरा करने के लिए 0.27 करोड़ रु. की लागत से हौज खास, नई दिल्ली में नौ नव-निर्मित तैयार फ्लैट भी खरीदे गये हैं।

निगम के पास बम्बई में नियुक्त अधिकारियों को आवास स्थान की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वामित्वाधिकार आधार पर 15 फ्लैट हैं और निगम ने, वहां नियुक्त कर्मचारियों के लिए 0.35 करोड़ रु. की लागत से शास्त्री नगर, घाटकोपर, बम्बई में 32 फ्लैट खरीदने के लिए एक करार भी किया है। कलकत्ता में भी स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए पश्चिमी बंगाल सरकार से साल्ट लेक सिटी में 0.13 करोड़ रु. की लागत से एक एकड़ भूखण्ड ले लिया गया है।

आभार प्रदर्शन

संचालक बोर्ड, विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, भारत सरकार के विभागों, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, अन्य सहयोगी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, विभिन्न राज्य सरकारों और राज्य स्तर के वित्तीय और विकास संस्थानों से प्राप्त हुए सहायता, सहयोग और सद्भाव के लिए अपना आभार प्रदर्शित करता है।

संचालक बोर्ड, तकनीकी सलाहकारी संगठनों, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान और प्रबन्ध विकास संस्थान के अध्यक्षों और बोर्ड के सदस्यों द्वारा उनके अपने-अपने संगठनों के कार्यों और योगदान को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना करता है।

बोर्ड, विभिन्न सलाहकारी समितियों के सदस्यों का तथा सहायता प्राप्त विभिन्न संस्थानों के बोर्डों में निगम की ओर से नामित गैर-शासकीय सदस्यों का भी, उनकी अमूल्य सहायता और परामर्श के लिए आभारी है।

संचालक बोर्ड, विदेशों में स्थित विभिन्न विकास वित्तीय संस्थानों से प्राप्त निरन्तर सहायता तथा सक्रिय सहयोग, विशेष रूप से कोदितान्स्टाल्ट फर वाइडरफबाउ, पश्चिमी जर्मनी, के प्रबन्धक वर्ग, यू. के. सरकार के समुद्र-पार विकास मंत्रालय और स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण, स्वीडन द्वारा प्राप्त सहायता के लिए भी आभार प्रकट करता है और आगामी वर्षों में और अधिक उपयोग सहायता की आशा करता है।

बोर्ड, निगम के सभी स्तरों के सभी कर्मचारियों द्वारा वर्ष के दौरान की गई निष्ठावान और समर्पित सेवा के लिए भी उनकी अत्यधिक सराहना करता है।

संचालक बोर्ड की ओर से,
(बी. बी. सिंह)
अध्यक्ष

नई दिल्ली

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारी

हम भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अधोहस्ताक्षरी लेखा परीक्षक निगम के 30 जून, 1981 के तुलन-पत्र और लेखों के बारे में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमने सम्बन्धित वाउचरों और लेखों तथा शाखा कार्यालयों से प्राप्त परीक्षित विवरणियों के साथ संलग्न तुलन-पत्र की जांच कर ली है। ये विवरणियां संलग्न तुलन-पत्र में शामिल कर ली गई हैं। हम इस बात की रिपोर्ट देते हैं कि हमने जहां कहीं भी कोई स्पष्टीकरण या जानकारी मांगी है, वह सम्बन्धित स्पष्टीकरण या जानकारी हमें दी गई है और सन्तोषप्रद रही है। हमारी राय में प्रस्तुत तुलन-पत्र पूर्ण और निष्कपट है और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार जैसा कि निगम के बही-खातों से पता चलता है, यह तुलन-पत्र निगम के अधिनियम, 1948 और नियमावली के अनुसार इस प्रकार उचित रीति से बनाया गया है कि इससे निगम के कार्यों का सच्चा और सही चित्र सामने आ जाता है।

ह०

रे० एण्ड रे०

ह०

बी० एल० अजमेरा एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 31 अगस्त, 1981

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली

30-6-1981 को तुलन-पत्र

क्रम सं०	देयताएं	अनु-सूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	क्रम सं०	परिसम्पत्तियां	अनु-सूची	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1.	शेयर पूंजी	क	17,50,00,000	15,00,00,000	1.	रोकड़ और बैंक शेष	छ	21,15,67,269	40,84,20,924
2.	रिजर्व और आरक्षित निधियां . .	ख	40,12,57,735	32,77,14,621	2.	निवेश	ज	35,48,16,037	32,42,92,557
3.	दीर्घकालीन ऋण	ग	5,35,81,30,565	4,55,80,86,234	3.	ऋण और अग्रिम	झ	5,48,00,71,330	4,42,84,68,344
4.	चालू देयताएं तथा व्यवस्थाएं .	घ	32,33,35,142	27,72,93,094	4.	स्थिर परिसम्पत्तियां	ञ	2 ,79,13,420	2,10,14,381
5.	अन्य देयताएं .	ङ	. 2,48,74,121	2,38,28,095	5.	अन्य परिसम्पत्तियां	ट	20,82,29,507	15,47,25,838
6.	पुनर्रफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयताएं	च	50,33,083	73,99,241	6.	पुनर्रफा मदों के अनुसार संघटक आभार	ठ	50,33,083	73,99,241
			6,28,76,30,646	5,34,43,21,285				6,28,76,30,646	5,34,43,21,285

ह०

रे एण्ड रे

ह०

बी० एल० अजमेरा एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल

ह०

(डी० एन० डावर)

महाप्रबन्धक

ह०

(डी० बी० सिंह)

अध्यक्ष

आर० के० कौल
एस० के० दवे
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
पी० सी० डी० नाम्बियार
} सन्चालक

ओ० पी० गुप्ता
जी० बी० कपाड़िया
एस० हरिहरन
जे० मू० पटेल
एन० एस० सपकल
} संचालक

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
नई दिल्ली
30 जून, 1981 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि लेखा

व्यय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०	आय	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
बांडों तथा ऋणों आदि पर ब्याज	30,79,89,637	26,29,72,177	ब्याज (बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण और अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों अग्रिमों तथा अन्य समायोजनों के लिए की गई व्यवस्था)	44,38,14,427	37,22,88,640
विदेशी मुद्रा ऋणों पर वचनबद्धता प्रभार	2,13,788	2,54,722			
बांडों के निर्गम पर दलाली	26,18,408	47,90,637			
बांडों के निर्गम पर बट्टा	—	—			
निवेशों पर हानि	47,41,335	3,71,595	कमीशन	29,42,984	22,16,960
स्थापना व्यय	2,56,51,669	1,81,93,447	निवेशों की बिक्री से लाभ	60,15,342	39,18,094
संचालकों तथा समिति सदस्यों की फीस तथा खर्चे	2,12,494	1,12,818	परिसम्पत्तियों की बिक्री से लाभ	26,300	2,528
किराया, कर, बीमा तथा रोशनी	35,09,099	34,05,637	शेयरों पर अधिलाभांश	1,67,48,125	89,19,339
डाक., तार, टिकटें तथा टेलीफोन	9,72,890	8,25,237	वचनबद्धता प्रभार	1,27,82,684	1,01,53,680
छपाई लेखन सामग्री तथा विज्ञापन	10,80,741	9,68,980	विविध आय	1,91,716	2,08,133
विधि प्रभार	32,672	51,240			
लेखा परीक्षा शुल्क	56,000	56,000			
यात्रा व किराया व्यय	7,52,857	5,76,138			
अन्य व्यय	31,07,801	24,28,596			
विनिमय में उतार चढ़ाव के कारण हानि	10,70,510	—			
मूल्य ह्रास	5,27,344	4,38,515			
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान	5,00,000	5,00,000			
कर्मचारी कल्याण निधि खर्चे	82,745	—			
कराधान के लिए व्यवस्था	4,55,79,204	5,38,81,635			
घटाइये : पिछले वर्षों से सम्बन्धित आयकर की वापसी तथा समायोजन					
वर्ष के लिए निवल लाभ नीचे ले जाया गया	8,38,22,384	4,78,80,000			
	48,25,21,578	39,77,07,374		48,25,21,578	39,77,07,374
अन्तरित राशि :					
सामान्य आरक्षित निधि	1,45,83,000	84,80,000	वर्ष के लिए निवल लाभ नीचे लाया गया	8,38,22,384	4,78,80,000
विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) के अधीन	5,54,00,000	2,73,00,000			
वांतव्य आरक्षित निधि	25,00,000	25,00,000			
कर्मचारी कल्याण निधि	1,25,000	2,00,000			
प्रस्तावित अधिलाभांश	1,12,14,384	94,00,000			
	8,38,22,384	4,78,80,000		8,38,22,384	4,78,80,000

रु०
रे एण्ड रे

रु०
(डी० एन० डावर)
महाप्रबन्धक

रु०
(बी० बी० सिंह)
अध्यक्ष

रु०
बी० एल० अजमेरा एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल

आर० के० कौल
एस० ए० दवे
जे० सी० सन्देसारा
एस० के० दत्ता
पी० सी० डी० नाम्बियार
} संचालक

ओ० पी० गुप्ता
जी० वी० कपाड़िया
एस० हरिहरन
जे० यू० पटेल
एन० एस० सपकल
} संचालक

अनुसूची 'क'
शेयर पूंजी

30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
अधिकृत :			
पांच-पांच हजार रुपये के 40,000 शेयर		20,00,00,000	20,00,00,00,0
जारी, अभिदत्त तथा प्रदत्त (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 5 के अन्तगत मूलधन की पुनर्अदायगी और न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांश की अदायगी के संबंध में भारत सरकार की गारंटी प्राप्त)			
(i) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर		5,00,00,000	5,00,00,000
(ii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 4,000 शेयर (द्वितीय सीरीज)		2,00,00,000	2,00,00,000
(iii) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 2,692 शेयर (तृतीय सीरीज) . . .		1,34,60,000	1,34,60,000
(iv) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 3,308 शेयर (चतुर्थ सीरीज) . . .		1,65,40,000	1,65,40,000
(v) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (पांचवी सीरीज) . . .		5,00,00,000	5,00,00,000
(vi) पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 5,000 शेयर (छठी सीरीज) . . .		2,50,00,000	
		17,50,00,000	15,00,00,000

टिप्पणी : केन्द्रीय सरकार द्वारा न्यूनतम वार्षिक अधिलाभांश की गारंटी मद संख्या (i) के लिए $\frac{1}{4}$ प्रतिशत, मद संख्या (ii) तथा (iii) के लिए 4 प्रतिशत और मद संख्या (iv) के लिए $4\frac{1}{2}$ प्रतिशत तथा मद संख्या (v) और (vi) के लिए 6 प्रतिशत है ।

अनुसूची 'ख'
रिजर्व तथा आरक्षित निधियां :

(i) सामान्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 के अधीन) पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . . .	16,72,80,000		15,88,00,000
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . .	1,45,83,000		84,80,000
		18,18,63,000	16,72,80,000
(ii) आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32क के अधीन) . .		1,00,00,000	1,00,00,000
(iii) दातव्य आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 की धारा 32 क के अधीन)			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	61,36,111		65,81,656
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . .	25,00,000		25,00,000
	86,36,111		90,81,656
घटाइये : उपयोग की गई राशि . .	20,30,169		29,45,545
		66,05,942	61,36,111

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(iv) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) के अधीन :			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	13,83,78,362		11 10,78,362
लाभ-हानि लेखे से अन्तरित . .	5,54,00,000		2,73,00,000
			13,83,78,362
		19,37,78,362	
(v) भारत सरकार से विशेष अनुदान पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	59,20,148		59,49276
अदितास्तल्ल फिर वाइकरफबऊ के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार प्राप्त अनुदान . .	71,40,000		74,22,000
	1,30,60,148		1,33,71,276
घटाइये विशेष उद्देश्यों के लिए उपयोग की गई राशि	40,49,717		74,51,128
		90,10,431	59,20,148
		40,12,57,735	32,77,14,621

अनुसूची 'ग'

दीर्घ कालीन ऋण

विवरण	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1. बांड (आरक्षित औद्योगिक, वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 के अधीन जारी—भारत सरकार द्वारा गारंटी प्राप्त)		
5½% बांड 1977		
5½% बांड 1978		
5¾% बांड 1979		
5¾% बांड 1980		8,33,30,800
5¾% बांड 1981	5,50,00,000	5,50,00,000
5¾% बांड 1982	4,95,00,000	4,95,00,000
5¾% बांड 1983	8,80,08,800	8,80,08,800
5¼% बांड 1984	11,00,67,300	11,00,67,300
5¾% बांड 1985	13,16,67,800	13,16,67,800
6% बांड 1986 . . .	7,99,08,000	7,99,08,000
6% बांड 1984	11,00,12,000	11,00,12,000
6% बांड 1985	12,47,37,800	12,47,37,800
6% बांड 1985 (द्वितीय सीरीज) . .	16,54,79,200	16,54,79,200
6% बांड 1986 (द्वितीय सीरीज) . .	19,25,05,400	19,25,05,400
6% बांड 1986 (तृतीय सीरीज) . .	32,45,87,200	32,45,87,200
6% बांड 1987	19,88,73,800	19,88,73,800
6% बांड 1987 (द्वितीय सीरीज) . .	25,39,45,500	25,39,45,500
6¼% बांड 1988	33,00,00,000	33,00,00,000
6¼% बांड 1988 (द्वितीय सीरीज) . .	35,01,54,000	35,01,54,000
6½% बांड 1989	34,93,75,000	34,93,75,000

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
$6\frac{1}{2}\%$ बांड 1989 (द्वितीय सीरीज) . .		40,06,25,000	40,06,25,000
$6\frac{3}{4}\%$ बांड 1992		38,50,00,000	38,50,00,000
$6\frac{3}{4}\%$ बांड 1992 (द्वितीय सीरीज) . .		39,60,00,000	—
$7\frac{1}{4}\%$ बांड 1996		23,92,22,000	—
		433,46,68,800	378,27,77,600
2. उधार :			
(i) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (4) के अधीन) 5.00 करोड़ रुपये की राशि के $6\frac{3}{4}\%$ तदर्थ बांड, प्रत्येक 10.00 करोड़ रुपये की राशि के $6\frac{1}{4}\%$ और $6\frac{1}{2}\%$ तदर्थ बांड, 20.00 करोड रुपये की राशि के 7.5% तदर्थ बांड । .		43,00,00,000	23,50,00,000
(ii) भारत सरकार से (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (4) के अधीन) . .		13,14,80,542	29,03,74,377
(iii) फ्रदितास्नल्तफा वाइडरफबऊ के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार भारत सरकार से . .		3,68,96,900	3,03,50,500
(iv) विदेशी मुद्राओं में विदेशी साख संस्थानो से (रुपये 26,14,760/- तक की राशि को छोड़कर भारत सरकार की गारंटी द्वारा रक्षित)		42,50,84,323	21,95083,757
		535,81,30,565	455,80,86,234

अनुसूची 'घ'
चालू देयताएं और व्यवस्थाएं

30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछल वर्ष रु०
क. चालू देयताएं :				
(i) भारतीय रिजर्व बैंक से अल्प-कालीन ऋण 3.25 करोड़ रु० के अंकित मूल्य के निगम द्वारा जारी किए गए रक्षित बांडों द्वारा (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (3) (ख) के अधीन) .			—	—
(ii) विदेशों में बैंक अधिवकर्ष .			25,61,485	—
(iii) फुटकर लेनदार . .			16,74,08,048	9,74,95,118
(iv) प्रोद्भूत ब्याज परन्तु देय नहीं :				
(क) उधार				
(i) भारत सरकार से		22,90,779		69,59,275

विवरण		रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(ii) विदेशी मुद्रा में विदेशी साख संस्थानों से		23,940		1,77,933
		23,14,719		71,37,208
(ख) बांडों पर		3,44,47,099		3,29,00,992
			3,67,61,818	4,00,38,200
(v) अग्रिम गारंटी कमीशन			43,419	47,200
(vi) विधिक और मूल्यांकन के लिए प्राप्त अग्रिम			12,58,448	7,93,400
(vii) दावा न किया गया अधिलाभांश			—	250
(viii) विदेशी साख संस्थानों से विदेशी मुद्रा में ऋण पर प्रोद्भूत वचनबद्धता प्रभार			16,327	13,629
(ix) विदेशी साख संस्थानों से विदेशी मुद्रा में प्राप्त ऋणों पर वसूल किए गए ब्याज में से सरकार को देय/उप-ऋणियों को प्रतिदेय राशि			52,00,306	—
			21,32,49,851	13,83,87,797
ख. व्यवस्थाएं :				
(i) विनिमय जन्य उचंत लेखे में				3,44,79,499
(ii) उचंत खाते डाली गई रकमें :				
(क) ब्याज		6,12,04,808		6,20,59,850
(ख) वचन बद्धता प्रभार		66,311		66,311
(ग) प्रासंगिक प्रभार		2,37,704		2,37,704
(घ) गारंटी कमीशन		1,70,051	6,16,78,874	1,70,051
				6,25,33,916
(iii) कराधान के लिए व्यवस्था :				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष		14,57,30,035		15,82,19,744
जोड़िए : वर्ष के लिए व्यवस्था		4,55,79,204,		5,38,81,635
		19,13,09,239		21,21,01,379
घटाइए : गत वर्षों के लिए समायोजन		2,20,94,476		6,63,71,344
		16,92,14,763		14,57,30,035
घटाइए : स्रोत पर काटा गया कर	1,18,80,526			72,81,920
अदा किया गया अग्रिम कर	12,01,42,204	13,20,22,730		10,59,56,233
				11,32,38,153
			3,71,92,033	3,24,91,882
			1,12,14,384	94,00,000
(iv) प्रस्तावित अधिलाभांश			11,00,85,291	13,89,05,297
			32,33,35,142	27,72,93,094

अनुसूची 'ङ'
अन्य देयताएं

30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) स्टाफ कल्याण निधि :			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष . .	7,49,680		6,20,043
घटाइए : उपयोग की गई राशि .	—		70,363
	7,49,680		5,49,680
जोड़िए : लाभ-हानि लेखा से अन्तरित राशि .	1,25,000		2,00,000
		8,74,680	7,49,680
(ii) औद्योगिक वित्त निगम कर्मचारी भविष्य निधि .		2,23,49,441	1,72,20,415
(iii) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21. (ख) के अधीन अन्तरित ऋणों तथा अग्रिमों में अधिकार एवं हित के सम्बन्ध में देयता . .		16,50,000	58,58,000
		2,48,74,121	2,38,28,095

अनसूची 'च'

बुतरफा मदों के अनुसार आकस्मिक देयताएं

(i) गारंटियां (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (ख) के अधीन) . .		34,14,112	44,96,213
(ii) विदेशी ऋण गारंटियां (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1) (ग) के अधीन) .		—	8,20,812
(iii) मूलधन की अदायगी के लिए आस्थगित फ्रांसिसी ऋण		16,18,971	20,82,216
(iv) हामीदारी संविदा (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (घ) के अधीन) . (पिछले वर्ष-रु० 66,33,000/-)	54,30,000		
(v) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23(1) (घ) तथा धारा 23 (1) (च) के अधीन निवेश के रूप में अंशतः प्रदत्त शेयरों के लिए अयाचित राशि (पिछले वर्ष-रु० 19,67,482/-) . .	19,34,198		
		50,33,083	73,99,241

अनुसूची 'छ'

रोकड़ तथा बैंक शेष

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(i) प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं मे रोकड़ तथा स्टाम्प हाथ में		33,377	49,067
(ii) चैक हाथ में तथा वसूली के अधीन . .		3,84,78,676	3,08,58,058
(iii) बैंकों में शेष .			
(क) चालू खाते में :			
भारत में	8,18 05,216		7,65,72,726
विदेशों में	—	.	99,002
		8,18,05,216	7,66,71,728
(ख) जमा खाते मे :			
भारत में	9,12,50,000		25,84,50,000
विदेशों में	—		4,23,92,071
		9,12,50,000	30,08,42,071
			37,75,13,799
		21,15,67,269	40,84,20,924

अनुसूची 'ज'

निवेश (लागत पर)

30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

(i) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 20 के अधीन :			
कुछ वित्तीय सस्थानो की प्रारम्भिक पूजी शेयर		96,00,000	96,00,000
(ii) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (घ) के अधीन :			
(क) औद्योगिक संस्थाओं के स्टाक, शेयर, बांड तथा डिबेंचर	22,59,96,372		22,04,42,257
(ख) शेयरों, डिबेंचरों, आदि पर अदा की गई आवेदन मुद्रा	—		—
		22,59,96,372	22,04,42,257
(iii) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (च) के अधीन :			
(क) शेयर	5,69,15,969		5,38,80,040
(ख) शेयरों के लिए अदा की गई आवेदन मुद्रा .	6,40,313		—
		5,75,56,282	5,38,80,040
(iv) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (छ) के अधीन . . .	23,77,875		5,59,600
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (छ) के परन्तुक के अधीन लिए गए शेयर .	5,92,85,508		3,98,10,660
		6,16,63,383	4,03,70,260
		35,48,16,037	32,42,92,557

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
(क) कथित निवेश :				
पुस्तक मूल्य			17,24,29,811	16,94,89,793
बाजार मूल्य			35,78,66,219	23,41,17,977
(ख) निवेश, जिनके मूल्य उपलब्ध नहीं हैं :				
पुस्तक मूल्य			18,23,86,226	15,48,02,764

अनुसूची 'झ'

ऋण तथा अग्रिम

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
ऋण तथा अग्रिम :				
भारतीय मुद्रा में		5,00,54,08,848		4,18,12,72,668
विदेशी मुद्रा में		47,46,62,482		24,71,95,676
		5,48,00,71,330		4,42,84,68,344
टिप्पणियां :				
(क) संस्थाओं द्वारा देय ऋण जिनमें निगम के संचालक नामित संचालक की हैसियत से संचालक के रूप में हितबद्ध है			17,56,92,325	6,25,64,463
(ख) वर्ष के दौरान उन संस्थाओं को संवितरित ऋण की कुल रकम, जिनमें निगम के संचालक नामित संचालक की हैसियत से संचालक के रूप में हितबद्ध है			1,48,50,000	48,00,000
(ग) उन संस्थाओं से मूलधन अथवा ब्याज की किस्तों की कुल अतिदेय रकमें, जिनमें निगम के संचालक, संचालक के रूप में हितबद्ध है			89,60,924	7,59,999

अनुसूची '—ञ'

स्थिर परिसम्पत्तियां

30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

विवरण	रु०	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
1. पट्टे पर भूमि :				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार मूल्य		1,16,77,327		53,36,313
वर्ष के दौरान वृद्धियां		52,63,309		63,41,014
			1,69,40,636	1,16,77,327
2. निष्कर भूमि तथा भवन :				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार मूल्य		77,77,963		77,76,263
वर्ष के दौरान वृद्धियां		14,37,660		1,700
		92,15,623		77,77,963
घटाइए : ह्रास मूल्य :				
पिछले वर्ष तक	5,71,483			4,30,799
वर्ष के लिए	1,73,104	7,44,587		1,40,684
			84,71,036	5,71,483

विवरण	रु०	इस वर्ष रु०	पिछले वर्ष रु०
3. मोटर कार, साइकिल, फर्नीचर, जुड़नार फिटिंग, आदि :			
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार मूल्य	43,43,715		41,09,787
वर्ष के दौरान वृद्धियां/समायोजन	7,38,076		2,56,563
	50,81,791		43,66,350
घटाइए : बेची गई/फेंकी गई	24,541		22,635
	50,57,250		43,43,715
घटाइए : ह्रास मूल्य :—			
पिछले वर्ष तक 22,13,141			19,33,090
वर्ष के लिए 3,54,240			2,97,831
25,67,381			22,30,921
घटाइए : बेची गई /फेंकी गई परिसम्पत्तियों पर 11,879			17,780
	25,55,502		22,13,141
		25,01,748	21,30,574
		2,79,13,420	2,10,14,381
अनुसूची 'ट' अन्य परिसम्पत्तियां		30 जून, 1981 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग	
(क) प्रोद्भूत ब्याज परन्तु देय नहीं :			
(i) बैंकों में जमा रकमों पर	22,95,065		12,04,654
(ii) डिबेंचरों पर	55,479		4,80,336
(iii) ऋणों तथा अग्रिमों पर	12,59,88,336		9,53,78,330
(iv) अन्य	19,78,891		16,31,349
		12,83,17,771	9,86,94,669
(ख) वचनबद्धता तथा अन्य प्रोद्भूत प्रभार		28,44,147	45,46,171
(ग) फुटकर देनदार		4,32,60,548	2,08,42,315
(घ) कर्मचारियों को अग्रिम		58,88,446	47,63,866
(ङ) पूर्वदत्त खर्चे		71,270	44,937
(च) स्टाफ कल्याण निधि की निवल परिसम्पत्तियां		7,49,680	5,49,680
(छ) "कम्पनी जमा" (आयकर पर अधिभार) योजना 1976		9,17,200	9,17,200
(ज) जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को ऋण (ब्याज रहित)		1,75,32,000	1,63,67,000
(झ) विनिमय अन्तर		86,48,445	—
		20,82,29,507	15,47,25,838
अनुसूची 'ठ' दुतरफा मदों के अनुसार संघटक आधार			
(क) गारंटियां [औद्योगिक वित्त निगम, अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (ख) के अधीन]		34,14,112	44,96,213
(ख) विदेशी ऋण गारंटियां [औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 23 (1) (ग) के अधीन]		—	8,20,812
(ग) मूलधन के लिए आस्थगित फ्रांसिसी ऋण		16,18,971	20,82,216
		50,33,083	73,99,241

टिप्पणियां—लेखे का भाग

1. (क) निगम द्वारा लिए गए विदेशी मुद्रा ऋणों को पहले की अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की समदरों के अनुसार अर्थात् डालर =7.50 रुपये और 1 जर्मन मार्क=2.05 रुपये की बजाय, 30 जून, 1981 को लागू टेलीग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों पर रुपये में संपरिवर्तित और अभिव्यक्त किया गया है । इसी प्रकार उप-ऋणियों को दिए गए विदेशी मुद्रा ऋणों को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 27 (3) के अनुसार उनके प्रदान किए जाने के समय लागू विनियम दरों अथवा पहले की भांति समदरों की अपेक्षा 30 जून, 1981 को लागू टेलिग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों पर रुपये में संपरिवर्तित और अभिव्यक्त किया गया है । उक्त परिवर्तनों के फलस्वरूप विदेशी संस्थानों से उधार 1890.23 लाख रुपय बढ़ गया है और उप-ऋणियों से अग्रिम भारतीय मुद्रा के अनुसार 1813.03 लाख रुपये बढ़ गया है।

(ख) जिस विनियम शेष अन्तर का समायोजन नहीं किया गया है उसे तुलन-पत्र में "अन्य परिसम्पत्तियां शीर्षक के अन्तर्गत आगे ले जाया गया है । जब भी विदेशी साख संस्थानों से लागू ऋणों पर लाभ अथवा हानि होगी, उसकी अन्तिम स्थिति का जायजा लेने के पश्चात समायोजन किया जायेगा, लेकिन निगम की नीति के अनुरूप उन विदेशी ऋणों के सम्बन्ध में जिन्हें विदेशी साख संस्थानों को 30 जून, 1981 तक पूर्णत: अदा किया जा चुका है । विनियम जन्य खाते में हुई हानि निगम के खातों से समायोजित कर दी गई है।

2. "आकस्मिक देयताओं के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा, में अभिव्यक्त 53.93 लाख रु० (30-6-1980 को 73.99 लाख रुपये) की आकस्मिक देयताएं शामिल हैं, जो कि विभिन्न तारीखों को लागू विनियम दरों के अनुसार हैं। तुलन-पत्र की तारीख को लागू टेलिग्राफिक ट्रांसफर विक्रय दरों के अनुसार यह राशि 49.74 लाख रुपये (30-6-80 को 126.18 लाख रुपय) होगी ।

3. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 23 (1) (घ) और 23 (1) (च) के अन्तर्गत कुछ कम्पनियो के क्रमश: 20.78 लाख रुपये और 6.75 लाख रुपये (30-6-80 को 44.32) साधारण पूजी के रूप में विनियोजित राशि शामिल है, कम्पनियों ने परिसमापन कर दिया है और सम्भवत: निगम की नियोजित पूरी राशि वसूल न की जा सकेगी। इसके लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है ।

4. निवेशों मे 27.78 लाख रुपये (दातव्य आरक्षित निधि के उपयोग से 3.51 लाख रुपये और विशेष अनुदान से 24.28 लाख रुपये) (30-6-80 को 18.48 लाख रुपये) जो कि निगम के प्रवर्तन कार्यों के तौर पर तकनीकियों और अद्यमियो द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने की दृष्टि से कुछ तकनीकी सलाहकारी संगठनों से शेयरों में सम-मूल्य पर निगम ने विनियोजित किए थे ।

5. (क) ऋणों और अग्रिमों में 40.30 लाख रुपये (30-6-80 को 70.19 लाख रुपये) शामिल है, जिनमें सम्बन्धित अधिकार तथा हित औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 21 (ख) के अधीन हस्तान्तरित किये गये।

